हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 38.5 डिग्री
न्यूनतम 19.2 डिग्री



12 महिलाओं से प्रताड़ना के 113 मामलों में सुनवाई, 41 का निराकरण



13 जीवन को सही दिशा देने वाला महत्वपूर्ण मार्गदर्शक...






## खबर संक्षेप

### 300 घरों तक पहुंचाया पानी, सरपंच सम्मानित



**दुर्ग।** जिला मुख्यालय से करीब 20 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम चिरपोटी के 300 घरों में जलजीवन मिशन के अंतर्गत साफ पहुंचना शुरू हो गया है। गांव की सरपंच पूजा चंद्राकर का इसमें विशेष प्रयास रहा, उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को योजना से जुड़ी जानकारी दी। कनेक्शन लेने के लिए सहमति बनाई। वर्तमान में गांव में दो बोर की मदद से हर घर में पानी पहुंच रहा है। आगामी दिनों में उमरपोटी में बन रही टंकी के माध्यम से शिवनाथ नदी का पानी गांव तक पहुंचेगा। जिले से ग्राम चिरपोटी की सरपंच को गांव में नल जल प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया है। सरपंच की भूमिका को अहम मानते हुए उन्हें सम्मानित किया गया है। पूजा चंद्राकर ने बताया कि गांव काफी जागरूक है। सभी पानी की जरुरत को समझते हैं। उन्होंने घर-घर जाकर चर्चा की। गांव की बैठकों में बात रखी, लोगों ने सहमति दी। इसके बाद हर घर से नल कनेक्शन पहुंचा। शत प्रतिशत टार्गेट पूरा होने पर उन्हें सम्मानित किया गया।

### ट्रक की टक्कर से एक की मौत, वाहन जब्त

**भिलाई।** सड़क हादसे में बुधवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। धमधा पुलिस ने बताया कि मृतक का शिनाख्त सहगांव निवासी नरसिंह यादव के रूप में हुई है। धमधा से दुर्ग मार्ग पर एचपी पेट्रोल पंप के आगे खान ढाबा के पास घटना हुई। तेज रफ्तार ट्रक ने नरसिंह को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई।

### व्यापारी पर अज्ञात ने किया जानलेवा हमला

**भिलाई।** रानीतराई थाना क्षेत्र में व्यापारी पर अज्ञात ने जानलेवा हमला कर फरार हो गया है। घायल व्यापारी का नाम अनिल देवांगन है। जो अनिल इंटरप्राइजेस के संचालक है। अज्ञात आरोपी ने अनिल पर हमला कर दिया। जिससे अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। खबर लगते ही रानीतराई पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

# दुर्ग जिले के विधायकों ने शिक्षा, राशनकार्ड और शराब के मुद्दों पर दागे सवाल

**विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक रिकेश सेन, ललित चंद्राकर और डोमनलाल कोर्सेवाड़ा रहे मुखर**

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

विधानसभा सत्र के दौरान दुर्ग जिले के चार विधायकों ने स्थानीय मुद्दों को पटल पर रखा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जहां शराब घोटाले को लेकर अब तक हुई कार्रवाई को लेकर कहा कि अब तक इस मामले में रिकवरी को लेकर शासन स्तर पर सवाल पूछा। वहीं ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने राशनकार्ड दुकानों के संलग्निकरण का मुद्दा उठाया। वहीं वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने दो सालों से उन्हें बलात्कार और महादेव सट्टा जैसे झूठे और घृणित मामलों में फंसाने, उनका राजनीतिक जीवन समाप्त करने की साजिश जैसे गंभीर विषय को रखा। इधर शिक्षामंत्री और दुर्ग शहर से विधायक गजेंद्र यादव ने बालोद में आयोजित जंबूरी के विषयों में तथ्यों के साथ अपनी बात रखी। उन्होंने वस्तु स्थिति से सदन को अवगत कराया। वहीं अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने सदन में सवाल किया की प्रदेश के कितने स्कूलों को वोकेशनल कोर्स की सामग्री वितरित की गई है।

### भूपेश ने कहा शराब घोटाले में रिकवरी पर कितने को नोटिस



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि लगातार 2 हजार करोड़ के शराब घोटाले की बात कही जा रही है। आरोप लगाए जा रहे हैं, सरकार और विभागीय मंत्री को यह बताना चाहिए कि आखिर इतने बड़े घोटाले के सामने आने के बाद कितने अधिकारियों और कंपनियों को नोटिस भेजा गया है। रिकवरी को लेकर क्या कार्रवाई की गई है। कितने लोगों से रिकवरी की गई है। भूपेश बघेल ने विधायक की सुरक्षा को लेकर भी सवाल दागे। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है। इस पर सरकार को जवाब देना चाहिए। भूपेश बघेल ने सदन में समोदा में अफीम की खेती के विषय को लेकर भी सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सूखे नशे का गढ़ बन चुका है। लगातार सूखे नशे का मामला सामने आ रहा है। इस पर अंकुश लगाने गृह मंत्रालय पूरी तरह से फेल रहा है।

### विधायक चंद्राकर ने राशन दुकान से जुड़ा मुद्दा उठाया




दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने राशन दुकान से जुड़े प्रश्न को उठाया और दोषियों के ऊपर कार्यवाही की मांग की। चंद्राकर ने पूछा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशन दुकान आवंटन की प्रक्रिया क्या है? एक समूह को कितने दुकान आंबटन करने का प्रावधान है? राशन दुकान संचालन का नियत स्थान बदलने के नियम क्या हैं? जिले में कितने समूहों द्वारा एक से अधिक राशन दुकान संचालित किए जा रहे हैं? क्या उनका नियत संचालन स्थान बदला गया है? यदि हाँ तो समूह का नाम, संचालक का नाम, ग्रामवार जानकारी बताएं? विधायक ललित चंद्राकर क्षेत्र की समस्याओं को सदन में रखते हैं और उनका समाधान कराने के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। मंत्री ने इसका जवाब भी दिया। साथ ही जानकारी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### विधायक की सुरक्षा के मुद्दे पर रिकेश ने रखा अपना पक्ष



बजट सत्र के दौरान नेता विपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और विधायक उमेश पटेल ने वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के विरुद्ध पिछले दो वर्षों से रचे जा रहे गंभीर षड्यंत्रों और उनकी राजनीतिक हत्य' के प्रयासों का खुलासा करने वाले वीडियो के सामने आने के बाद विधायक की सुरक्षा को लेकर हंगामा, नारेबाजी और सदन से बहिर्गमन किया। रिकेश सेन ने कहा कि जो लोग पिछले दो सालों से उन्हें बलात्कार और महादेव सट्टा जैसे झूठे और घृणित मामलों में फंसाने, उनका राजनीतिक जीवन समाप्त करने की साजिश रच रहे थे, उनको लेकर सदन में मेरी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई है। छत्तीसगढ़ पुलिस आज स्वतंत्र और निष्पक्ष होकर कार्य कर रही है। अब प्रदेश में मफियाराज या षड्यंत्रकारी राज नहीं, बल्कि कानून का राज है इसलिए साजिशकर्ताओं के मनसूबे लगातार पस्त होते रहे हैं।

### अहिवारा विधायक ने उठाया सामग्री खरीदी का मुद्दा



अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने सदन में सवाल किया कि प्रदेश के कितने स्कूलों को वोकेशनल कोर्स की सामग्री खरीदी के लिये वर्ष 2024-25 से 31 जनवरी 2026 तक समग्र शिक्षा मिशन में कितनी कितनी राशि जारी की गई है। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रदेश में सत्र 2024-25 में स्कूलों को वोकेशनल कोर्स की सामग्री खरीदी के लिये कोई भी राशि जारी नहीं की गयी है। सत्र 2025-26 में 1285 स्कूलों को वोकेशनल कोर्स के लिये ऑफिस एक्स्पेंसेस/कोंटिजेंसी मद में प्रति विद्यालय 02-02 लाख आहरण सीमा जारी की गई थी। स्कूलों द्वारा भण्डार क्रय नियमों का पालन सुनिश्चित नहीं किए जाने, बाजार मूल्य से अधिक राशि पर खरीदी करने की शिकायतें प्रकाशित हुई है। राज्य स्तर पर 06 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है।

### शिक्षा मंत्री गजेंद्र ने जंबूरी कैम्प को लेकर छग शासन का रखा पक्ष



विधानसभा में चल रहे बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने विपक्ष के सवालों का प्रभावी और तथ्यात्मक जवाब दिया। मंत्री बनने के बाद पहली बार प्रश्नकाल में ही उन्होंने तथ्यों और आंकड़ों के साथ अपनी बात रखते हुए विभागीय कार्यों की स्थिति स्पष्ट की। कांग्रेस से खरसिया विधायक उमेश पटेल के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड के रोवर-रेंजर जंबूरी कार्यक्रम में क्रीडांगन, शौचालय निर्माण, जल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, ध्वनि व्यवस्था, आवास हेतु टेंट, कार्यक्रम हेतु डोम, बेरिकेट, भोजनालय एवं प्रिंटिंग आदि कार्य के लिये अद्यतन राशि 2 करोड़ खर्च किया गया है। मेसर्स अमर भारत किराया भण्डार रायपुर को 5.18 करोड़ का टेंडर दिया गया था। शर्त तय करने के लिए समिति गठित की गई थी। इस कार्य हेतु किसी भी फर्म को लाभ दिलाने के लिए टेन्डर बदलने संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने स्कूलों में वोकेशनल कोर्स की सामग्री खरीदी को लेकर बताया कि वर्ष 2024-25 से 31.01.2026 तक की अवधि तक में समग्र शिक्षा मिशन में कितनी कितनी राशि जारी की गई है।

# एंटी रेबीज इंजेक्शन की कमी, जिला और सुपेला अस्पताल में ही उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले में कुत्ते के काटने के बाद लगने वाले एंटी रेबीज इंजेक्शन की कमी से स्वास्थ्य व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। जिले के कई प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को जिला अस्पताल दुर्ग और लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला का रुख करना पड़ रहा है। इससे इन दोनों अस्पतालों में इंजेक्शन लगवाने वालों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है।

- **पीएचसी और सीएचसी में एंटी रेबीज इंजेक्शन नहीं**

जानकारी के मुताबिक जिले के अधिकांश पीएचसी और सीएचसी में एंटी रेबीज इंजेक्शन का स्टॉक खत्म हो चुका है। ऐसे में कुत्ते के काटने के बाद इलाज के लिए लोग सीधे शहर के बड़े अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। रोजाना बड़ी संख्या में मरीज और उनके परिजन इंजेक्शन लगवाने के लिए लाइन में खड़े नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से समय पर एंटी रेबीज वैक्सीन की आपूर्ति नहीं होने के कारण यह स्थिति बनी है। स्वास्थ्य केंद्रों में वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को लंबी दूरी तय कर दुर्ग और भिलाई के अस्पतालों में आना पड़ रहा है। दुर्ग जिला अस्पताल की स्थिति यह है कि यहां सिर्फ दुर्ग जिले से ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों से भी लोग एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। बालोद और बेमेतरा जिले से भी मरीज बड़ी संख्या में जिला अस्पताल दुर्ग आ रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यहां प्रतिदिन करीब 100 लोगों को एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि कुत्ते के काटने के बाद समय पर एंटी रेबीज इंजेक्शन लगना बेहद जरूरी होता है। इसमें देरी होने पर संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी इस वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता होना जरूरी है। फिलहाल जिले के बड़े अस्पतालों में मरीजों का दबाव बढ़ रहा है।

### सीजीएमएससी से समय पर सप्लाई नहीं, इसलिए संकट

स्वास्थ्य विभाग के तहत सरकारी अस्पतालों के लिए दवाइयों और मेडिकल उपकरणों की खरीद और सप्लाई का काम छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड सीजीएमएससी के माध्यम से किया जाता है। अस्पताल सीधे दवाइयाँ नहीं खरीदते, बल्कि जरूरत के अनुसार सीजीएमएससी के जरिए दवाइयां खरीदी जाती हैं और फिर जिलों में भेजी जाती हैं। बताया जा रहा है कि सीजीएमएससी की ओर से समय पर एंटी रेबीज इंजेक्शन उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण दुर्ग जिले में इसकी कमी बनी हुई है। इसका असर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी पड़ा है। जहां स्टॉक खत्म होने के कारण मरीजों को शहर आना पड़ रहा है।

### 16 फरवरी के बाद से नहीं मिली सप्लाई

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से 16 फरवरी 2026 तक ही एंटी रेबीज इंजेक्शन की आपूर्ति की गई थी। इसके बाद से अब तक नई खेप अस्पतालों को प्राप्त नहीं हुई है। सप्लाई रुकने के कारण कई स्वास्थ्य केंद्रों में इंजेक्शन का स्टॉक खत्म हो गया है। फिलहाल जिला अस्पताल दुर्ग और सुपेला अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन की व्यवस्था जीवनदीप समिति की मदद से की जा रही है। अस्पताल प्रबंधन जन औषधि केंद्र और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से इंजेक्शन खरीदने की कोशिश कर रहा है, ताकि मरीजों का इलाज प्रभावित न हो।

### स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

दुर्ग जिले में एंटी रेबीज इंजेक्शन की कमी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को तत्काल व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। जिले के सभी बीएमओ, सिविल सर्जन, सिविल अस्पताल सुपेला और पीएचसी व सीएचसी के प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि जरूरत के अनुसार जीवनदीप समिति से एंटी रेबीज इंजेक्शन की पर्याप्त मात्रा में खरीदी करें। ताकि मरीजों को समय पर इलाज मिल सके।
**-डॉ. सीबीएस बंजारे,** जिला नोडल अधिकारी, आईडीएसपी दुर्ग

# घरेलू गैस व डीजल-पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता, घबराने की जरूरत नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जिले में घरेलू एलपीजी गैस तथा डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ऑयल कंपनियों के अधिकारियों, डिस्ट्रीब्यूटरों और गैस एजेंसियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने घरेलू गैस की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली।

- **शिकायत करें टोल-फ्री नंबर 1800-233-3555 पर**

बैठक में ऑयल कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और इसकी आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। ऑयल कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि जिले के सभी एलपीजी वितरक के पास गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। कलेक्टर ने बताया कि उज्ज्वला योजना के कनेक्शन को मिलाकर जिले में लगभग 4 लाख गैस कनेक्शन हैं। वर्तमान में प्रतिदिन करीब 9750 गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग की जा रही है। आम नागरिकों से अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी नहीं हुआ है, वे संबंधित गैस एजेंसी में जाकर जल्द से जल्द ई-केवाईसी करा लें, ताकि भविष्य में परेशानी न हो। इस प्रक्रिया में फेस स्कैन और अंगूठे का सत्यापन किया जाएगा, जिसमें केवल एक मिनट का समय लगता है। जिला प्रशासन एवं ऑयल कंपनियों के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि घबराने या पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि जिले में घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। त्यौहार के बाद बुकिंग की संख्या बढ़ने के कारण कुछ स्थानों पर प्रतीक्षा हो सकती है, लेकिन आपूर्ति नियमित रूप से जारी है। उपभोक्ता टोल-फ्री कॉल सेंटर नंबर 1800-233-3555 पर शिकायत कर सकते हैं।

### गैस सिलेंडर की किल्लत केवल अफवाह : रिकेश

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रांति या हड़बड़ी में न आएं। विधायक ने स्पष्ट किया है कि जिले में रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। जनता के बीच सिलेंडर की किल्लत को लेकर फैल रही चर्चाओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक रिकेश सेन ने कलेक्टर दुर्ग से विस्तृत चर्चा की। चर्चा के उपरांत विधायक ने आश्वस्त किया कि प्रशासन और गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है।

**निगम की संपत्ति को बेचने का अधिकार किसी को नहीं, विधायक को समझना चाहिए**

# मेयर ने कहा-आयुक्त की गलत कार्यशैली से वो हो रहे बदनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई





भिलाई नगर निगम क्षेत्र में स्थित संजय नगर मैदान और अन्य अचल संपत्तियों की नीलामी को लेकर मेयर नीरज पाल ने बड़ा बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि संजय नगर मैदान एवं अन्य भूमियों की निलामी से संबन्धित जो भ्रांतियां सोशल मीडिया व समाचार पत्रों के माध्यम से कुछ जनप्रतिनिधि और अधिकारियों द्वारा फैलाई जा रही हैं, वो पूर्णतः गलत है। इससे उन्हें बदनाम करने का काम किया जा रहा है।

- **निगम की संपति बेचने को लेकर आयुक्त और महापौर आमने-सामने**

हरिभूमि से बात करते हुए नीरज पाल ने कहा कि सत्र 2021-2022 में नगर निगम की आर्थिक तंगी और विकास कार्यों को गति देने के लिए महापौर परिषद ने निर्णय लिया था कि निगम क्षेत्र की व्यवसायिक भूमियों को 30 साल के लिए लीज पर देकर शहर के विकास को गति दे सकेंगे। इसके बाद परिषद ने अपने निर्णय का प्रस्ताव राज्य शासन को अनुमति के लिए भेजा था, लेकिन अब तक उसकी अनुमति नहीं मिल पाई है। इसके बाबजूद आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई राजीव पाण्डेय ने शासन की स्वीकृति के बिना उन सभी भूमियों की निलामी के लिए सार्वजनिक निविदा आमंत्रित कर दी। ऐसा करना राज्य शासन, एमआईसी और सामान्य सभा के अधिकारों के खिलाफ है।

### संजय नगर मैदान व अन्य भूमियों को करें संरक्षित

मेयर ने कहा कि 2021-22 में जब परिषद ने उक्त भूमियों को लीज में देने का निर्णय लिया तो किसी जनप्रतिनिधियों ने आपत्ति नहीं की। परिषद ने व्यवसायिक उपयोग की भूमि होने के चलते ऐसा निर्णय लिया, लेकिन अब खुद उनकी परिषद चाहती है कि जनउपयोगिता, क्रीड़ा सांस्कृतिक और सामाजिक सरोकार को देखते हुए संजय नगर मैदान और इस तरह की अन्य भूमियों को संरक्षित करने का काम किया जाए। इसके लिए उनकी परिषद इसकी भू-उपयोगिता बदलकर व्यवसायिक से सार्वजनिक हित क्रीड़ा व सांस्कृतिक हेतु आरक्षित करने का निवेदन शासन से करेगी।

### आयुक्त कर रहे अपनी मनमर्जी से काम

मेयर नीरज पाल ने आयुक्त राजीव पाण्डेय पर आरोप लगाया कि वो नगम व शासन के नियम के विपरीज जाकर अपनी मनमर्जी से काम कर रहे हैं। पहले तो उन्होंने बिना शासन की स्वीकृति के नीलामी की घोषणा की इसके बाद स्थानीय विधायक के दबाव में उसे निरस्त करने की घोषणा कर दी। इतना ही नहीं राधिका नगर में 4.50 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति बिना एमआईसी और सामान्य सभा में लाये दे दी। वार्ड 4 में 21 करोड़ 54 लाख के कार्यों की विधि विरूद्ध स्वीकृति दी।

### 5 बार के पार्षद हैं वैशाली नगर विधायक फिर कैसे जानकारी नहीं

मेयर नीरज पाल ने वैशाली नगर विधायक पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा शांति नगर दशहरा मैदान के विषय में महापौर परिषद के विषय में गलत भ्रांति फैला रहे हैं कि दशहरा मैदान को बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी को भी नगर पालिक निगम की भूमि को बेचे जाने का अधिकार ही नही है। शांति नगर मैदान की देख-रेख के लिए ऐसा फैसला रुचि की अभिव्यक्ति के तहत लिया गया था। कुछ प्रतिनिधि सब कुछ जानते हुए और अपने राजनैतिक स्थिति को चमकाने के लिए अनर्गल बयान और अफवाहों को फैला रहे हैं। स्थानिय विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन पांच बार पार्षद रह चुके हैं और सभी नियम को जानते हैं। उसके बाद भी महापौर और परिषद को गलत ढंग से आरोपित करना उनके विधिक ओर निगम के कानूनी समझ पर प्रश्नचिन्ह लगाता हैं। इन अनर्गल बयानों और आयुक्त के विधि विरुद्ध कार्यों की शिकायत वो कलेक्टर दुर्ग और राज्य सरकार से करेंगे।



## खबर संक्षेप



### शनिवार-रविवार भी खुलेंगे निगम के टैक्स काउंटर

दुर्ग। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों को ध्यान में रखते हुए करदाताओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। निगम प्रशासन ने शहर के सभी करदाताओं से समय पर टैक्स जमा करने की अपील की है। इसके तहत शनिवार, रविवार तथा अन्य अवकाश के दिनों में भी नगर निगम कार्यालय और सभी जोन कार्यालय खुले रहेंगे, ताकि नागरिक आसानी से अपना बकाया टैक्स जमा कर सकें। नगर निगम द्वारा टैक्स जमा करने के लिए सुबह 9 से शाम 7 बजे तक काउंटर संचालित किए जाएंगे। नागरिक नगर निगम मुख्य कार्यालय के साथ-साथ अपने-अपने जोन कार्यालयों में भी टैक्स की राशि जमा कर सकते हैं। इसके अलावा करदाताओं की सुविधा के लिए घर बैठे ऑनलाइन टैक्स जमा करने की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है। निगम प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि चेक के माध्यम से टैक्स का भुगतान केवल 15 मार्च तक ही स्वीकार किया जाएगा। इसके बाद चेक के माध्यम से भुगतान नहीं लिया जाएगा। इसलिए करदाताओं से समय रहते टैक्स जमा करने की अपील की गई है, नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शहर क्षेत्र के सभी करदाताओं से कहा है कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद यदि किसी करदाता का टैक्स बकाया रहता है, तो उस पर 1000 शास्ति शुल्क के साथ 15 प्रतिशत अधिभार भी देय होगा।

### राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा से महापौर अलका बाघमार ने की भेंट



दुर्ग। छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद बनने पर लक्ष्मी वर्मा से महापौर अलका बाघमार ने अपने एमआईसी सदस्यों के साथ उनके निवास स्थान पहुंचकर मुलाकात की और उन्हें बधाई देते हुए सरस्वती माता की मूर्ति भेंट की। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि लक्ष्मी वर्मा एक अनुभवी, कर्मठ और जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व की धनी हैं। राज्यसभा जैसे महत्वपूर्ण मंच पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करना प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

### राज्य में नशे की खेती सरकार मौन : उमरे



दुर्ग। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर के महामंत्री गौरव उमरे ने कहा की जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार काबिज हुई है, तब से छत्तीसगढ़ की जनता के विश्वासों पर कुठाराघात हुआ है। किसान परेशान है, पढ़ा लिखा नौजवान नौकरी के लिए तरस रहा है, महिलाएं सुरक्षा मांग रही है, महंगाई चरम सीमा पर है और अपराध में दिन दोगुनी रात चौगुनी बढ़ोतरी हो रही है और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार सो रही है विकास के नाम पर सिर्फ छलावा है मंत्री विधायक श्री बयान बाजी तक सीमित रह गए। भाजपा के लोग नशे की खेती में उतर आए हैं।

# महिलाओं से प्रताड़ना के 113 मामलों में सुनवाई, 41 का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं प्रभारी सदस्य ओजस्वी मंडावी, सदस्य दीपिका सोरी, सदस्य सरला कोसरिया ने राज्य की महिलाओं को त्वरित राहत पहुंचाने के उद्देश्य से एक वृहद और संवेदनशील निर्णय लिया है। प्रेरणा सभा कक्ष बालगृह परिसर पांच बिल्डिंग में महा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। प्रदेश स्तर पर 384 वीं और जिला स्तर पर 15 वीं सुनवाई हुई। दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले जिले दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई/राजनांदगांव (छ.ग.) के कुल 113 प्रकरणों की एक साथ सुनवाई की गई। दुर्ग के 62 प्रकरण में से 30 नस्तीबद्ध किए गए। बालोद के 4 में से 1, बेमेतरा के 17 में से 4, कबीरधाम के 4 में से 1, राजनांदगांव के 14 में से 4, मोहला-मानपुर के 7 में से 1 नस्तीबद्ध किए गए। खैरागढ़-छुईखदान के 5 में सुनवाई जारी है। इस प्रकार 113 प्रकरण में से 41 प्रकरण नस्तीबद्ध किये गये। दोनो पक्षों के कुल 155 पक्षकारों ने पंजीयन कराया था, बाकी पक्षकार अनुपस्थित रहे। आयोग ने देवार जाति की महिलाओं द्वारा नकली किनर बनकर आतंक मचाने की सुनवाई की। बताया गया कि वे भटगांव में रहती हैं। आयोग ने नकली किनर का मेडिकल परीक्षण कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए।

## राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने की संभाग स्तरीय सुनवाई

### पति-पत्नी में झगड़ा, महिला ने शादी में दिए सामान वापस मांगा

आयोग ने सुनवाई के दौरान पति-पत्नी के झगड़े को लेकर जानकारी ली। आगामी सुनवाई 6 अप्रैल को तय की। आयोग को जानकारी दी गई कि प्रकरण हाईकोर्ट में विचाराधीन है। अनावेदक शादी में दिए गए सभी समान को देने को तैयार है। इसके लिए बेमेतरा के संरक्षण अधिकारी का नियुक्त किया गया। दो दिन के अंदर समान दिलाकर उनका पंचनामा बनाकर व वीडियोग्राफी बनाकर रिपोर्ट आयोग को प्रेषित करने कहा गया। नाबालिग बच्चे को हैंडओवर के विषय पर भी सुनवाई की गई। आयोग ने कहा कि शारीरिक प्रताड़ना के मामले में वह बेमेतरा में एफआईआर दर्ज करा सकती है।




### झगड़े के बाद पत्नी रह रही अलग, पति बच्चों से मिलने नहीं देता

सुनवाई के दौरान एक महिला ने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ शिकायत की। इस पर सुनवाई करते हुए आयोग को जानकारी दी गई कि अनावेदक तारम्मटोला अम्बागढ चौकी में शिक्षक वर्ग-2 में पदस्थ हैं अनावेदकगण 2 से 5 समाज के पदाधिकारी है। आवेदिका ने बताया है कि आवेदिका एवं अनावेदक के दो बच्चे हैं, जिसे मिलने को अनावेदक नहीं देता। अनावेदक दूसरी विवाह करने की तैयारी कर रहा है, शादी का कार्ड भी छपा रखा है। इस आधार पर आयोग ने सेवा समाप्ति की अनुशंसा की। अनावेदक 1 व उनके पिता ने आवेदिका के नाम पर ग्राम मुरेठी टोला में 10 डिसमील जमीन खरीदा था, जिसकी वैधानिक उत्तराधिकारी केवल आवेदिका है। उसे छीनने का प्रयास किया जा रहा है। आयोग ने समझाइश देकर पर इस बात पर सहमति बनाई कि आवेदिका के नाम पर पूरा समान व स्कूटी को आवेदिका को सुपर्द करेंगे।

## महापौर परिषद की बैठक में आयुक्त द्वारा लाए गए आय-व्यय का ब्यौरा पारित

# 17 को सामान्य सभा, पेश होगा 500 करोड़ का बजट, कुशाभाऊ ठाकरे भवन आउट सोर्सिंग में

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर निगम दुर्ग ने वर्ष 2026-27 के लिए अपने आय-व्यय का ब्योरा तैयार कर लिया है। करीब 500 करोड़ रुपए का 17 मार्च को सुबह 11 बजे सामान्य सभा की बैठक में रखा जाएगा। महापौर परिषद की बैठक में आयुक्त द्वारा प्रस्तुत इस आय-व्यय के ब्योरे को आवश्यक संशोधनों के साथ पारित कर दिया गया है। पूर्व में 26 फरवरी को बजट पर चर्चा को लेकर महापौर परिषद की बैठक बुलाई गई थी, बैठक में सही जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण चर्चा नहीं हो सकी। बैठक को स्थगित कर 5 मार्च को पुनः बैठक बुलाई गई, जिसमें साढ़े 3 घंटे तक चर्चा के बाद इसे स्वीकृति प्रदान की गई। जानकारी के मुताबिक करीब 500 करोड़ के आय-व्यय का ब्योरा तैयार किया गया है। बजट बैठक को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। पार्षदों से प्रश्नकाल में पूछे जाने वाले दो-दो सवाल मंगाए गए हैं।

बजट बैठक में अन्य विषयों को भी चर्चा के लिए लाया जा रहा है। इसमें मिनी माता चौक से ठगड़ा बांध तक पेयजल पाइपलाइन का डायवर्सन, आदित्य नगर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे भवन को आउटसोर्सिंग में देने सहित अन्य विषयों को भी लाया जा रहा है। इधर कांग्रेसी पार्षदों ने अब तक बजट पुस्तिका वितरित नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। साथ ही इसे नगर पालिक निगम एक्ट का उल्लंघन बताया है।

## मिनी माता चौक से जेल तिराहा तक सुरेंद्र दुबे के नाम से पहचानी जाएगी सड़क




### 3.13 करोड़ से होगा सिकोला नाले का सुदृढ़ीकरण

सिकोलाभाठा में करीब 3.13 करोड़ से सिकोलाभाटा नाले का सुदृढ़ीकरण किया जाना है। इसके लिए 3.13 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति के लिए प्रस्ताव लाया जा रहा है। इसके अलावा करीब 31.31 लाख रुपए की अतिरिक्त प्रशासनिक स्वीकृति पर भी चर्चा की जाएगी। महापौर परिषद ने इस प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी प्रदान की है। समान्य सभा में इस प्रस्ताव को पुष्टि के लिए लाया जा रहा है। कार्य एजेंसी नंद कुमार चंद्राकर 9.99 प्रतिशत एबो में कार्य जारी किया जाना है। इस विषय को लेकर समान्य सभा में हंगामे के आसार बने हुए हैं। कार्य की लागत, टेंडर प्रक्रिया पर पहले ही कांग्रेसी पार्षदों ने आपत्ति दर्ज कराई है।

### 1 हजार किलो की अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा

बैठक में अटल परिसर में करीब 1 हजार किलो धातु की पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा स्थापित किए जाने किए जाने के प्रस्ताव को भी लाया जा रहा है। करीब 50 लाख रुपए इसके लिए स्वीकृत किए गए हैं। जेल तिराहे के पास उक्त प्रतिमा स्थापित की जाएगी। प्रथम चरण में चबूतरा, पैडेस्टल के साथ बैकराउंड, लाल किला मॉडल तैयार किया गया है। दूसरे चरण में व्यावसायिक और आवासीय अतिक्रमण को हटाकर पूरे क्षेत्र में अटल परिसर का निर्माण किए जाने के प्रस्ताव को एमआईसी से पारित किया है। समान्य सभा में चर्चा के लिए इस प्रस्ताव को लाया जा रहा है। 3.27 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

### नया बस स्टैंड में 72 दुकानों में अतिरिक्त निर्माण पर पेनल्टी

समान्य सभा में नया बस स्टैंड की 72 दुकानों में अतिरिक्त निर्माण को लेकर भी चर्चा होगी। उक्त दुकानों ने नियम विरुद्ध अतिरिक्त निर्माण कराया है। इसके अलावा मिनी माता चौक से जेल तिराहा तक सड़क का नाम दिवंगत कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे के नाम पर किए जाने का भी प्रस्ताव लाया जा रहा है। हठरी बाजार की दुकान के दुकान के आवंटन के प्रकरण को भी बजट बैठक में चर्चा के लिए लाया जा रहा है। इसके अलावा 4.39 करोड़ रुपए की लागत से पाइप लाइन शिफ्टिंग सहित अन्य प्रस्तावों को चर्चा के लिए रखा जाएगा। महापौर परिषद ने उक्त प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है।

### कुशाभाऊ ठाकरे भवन को 10 लाख में ठेके में देने की तैयारी

निगम ने कुशाभाऊ ठाकरे भवन को आउस सोर्सिंग पर देने की तैयारी पूरी कर ली है। इससे निगम को प्रतिवर्ष 10 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं न्यूनतम किराया प्रतिदिन के हिसाब से 35 हजार रुपए स्वीकृत किया गया है। महापौर परिषद ने इसे मंजूरी दे दी है। कांग्रेसी पार्षदों ने इस पर आपत्ति की है। उन्होंने कहा कि निगम को ऐसी कौन सी जरुरत आन पड़ी है, कि निगम की संपत्तियों को ठेके पर देने की तैयारी की जा रही है। अपने किसी चहेते को लाभ पहुंचाने की साजिश है। कांग्रेसी पार्षदों ने कहा कि निगम खुद इसका संचालन करे, तो निगम को ज्यादा आय हो सकती है।

# महिला कांग्रेस ने एलपीजी गैस की निकाली अर्थी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग


■ रसोई गैस के दामों में बढ़ोत्तरी और शॉर्टेज को लेकर इंदिरा मार्केट में प्रदर्शन

रसोई गैस और कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला किया। महिला कांग्रेस के बैनरतले पहले राजीव भवन शनिचरी बाजार से एलपीजी की अर्थी यात्रा निकाली गई। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए इंदिरा मार्केट पहुंची, जहां सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। रसोईगैस की किल्लत को लेकर विरोध दर्ज कराया गया। कांग्रेस महामंत्री निकिता मिलिंद ने कहा कि रसोई गैस के दामों में हाल ही में लगभग 60 रुपये की वृद्धि कर दी गई है, जिससे आम गृहिणियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब रसोई गैस सिलेंडर लगभग 450 रुपये में उपलब्ध था, लेकिन आज इसकी कीमत 1100 रुपये के आसपास पहुंच चुकी है, जिससे मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। महिला कांग्रेस ने आरोप लगाया कि महंगाई के कारण सबसे अधिक परेशानी घर चलाने वाली महिलाओं को उठानी पड़ रही है। सरकार को तुरंत गैस सिलेंडर के बढ़े हुए दाम वापस लेने चाहिए ताकि आम जनता को राहत मिल सके। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि भाजपा सरकार में छात्र, नौजवान, किसान, महिलाएं, मजदूर और व्यापारी सभी वर्ग महंगाई से प्रभावित हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, प्रेमलता साहू, संजय कोहले, मनीषा सोनी, एमन साहू, माहेश्वरी ठाकुर, सकून ढीमर, श्रद्धा सोनी, निकिता सिंह, मंजू सोनी, रानी देवांगन, खुशी निर्मलकर, सुनीता देवांगन, अजय शर्मा, अब्दुल गनी सहित अन्य मौजूद थे।

# पोटियाकला के नक्शे में उलटफेर, खसरा 175 से 179 में विसंगति

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

■ प्रशासन से शिकायत के बाद भी निराकरण नहीं



जिले के पोटियाकला क्षेत्र में भूमि अभिलेखों को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। बंदोबस्त क्रमांक 356, जो वर्ष 1929 से प्रचलित है। अब तक चालू नक्शे के रूप में उपयोग में लिया जा रहा है, उसमें खसरा नंबर 175, 176, 177, 178 और 179 के सीमांकन में बड़ा उलटफेर हुआ है। इसे लेकर जिला प्रशासन से शिकायत के बाद मामले में जांच की जा रही है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पुराने बंदोबस्त नक्शे और वर्तमान प्रचलित नक्शे की तुलना करने पर यह प्रतीत होता है कि कई खसरों की जमीन का टुकड़ा अन्य खसरों में दर्शा दिया गया है। किसी की जमीन का हिस्सा दूसरे खसरे में दर्ज या प्रदर्शित हो गया है। पिछले कुछ वर्षों में दुर्ग शहर के तेजी से फैलते शहरी क्षेत्र के कारण पोटियाकला में जमीन की खरीद-फरोख्त बड़े पैमाने पर हुई है। कई स्थानों पर बिना विधिवत अनुमति के अवैध प्लाटिंग भी की गई। अब जब इन प्लॉटों पर मकान निर्माण शुरू हो रहा है तो वास्तविक सीमाओं और स्वामित्व को लेकर विवाद की स्थिति बनती जा रही है। भूमि अभिलेखों में इस प्रकार के अंतर से भविष्य में बड़े पैमाने पर राजस्व और कानूनी विवाद उत्पन्न होने की संभावना है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते पुराने बंदोबस्त नक्शे, वर्तमान नक्शे और वास्तविक स्थल स्थिति का राजस्व विभाग द्वारा पुनः परीक्षण नहीं किया गया तो कई परिवारों को न्यायालयों के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। इसे लेकर प्रशासन से मांग की गई है कि पोटियाकला के बंदोबस्त क्रमांक 356 के पुराने नक्शे और वर्तमान नक्शे का राजस्व विभाग द्वारा पुनः परीक्षण कराया जाए। खसरा नंबर 175, 176, 177, 178 और 179 का संयुक्त सीमांकन (डिमार्केशन) कराया जाए। अवैध प्लाटिंग और बिना अनुमति निर्माण कार्यों की जांच की जाए। वास्तविक भू-स्वामियों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। स्थानीय लोगों ने कहा कि यह मामला केवल कुछ खसरों का नहीं बल्कि भविष्य में पूरे क्षेत्र में बड़े भूमि विवाद का कारण बन सकता है। अतः जिला प्रशासन, राजस्व विभाग और स्थानीय निकाय को इस विषय पर तत्काल संज्ञान लेकर जांच की जाए।

# प्रशिक्षित और सक्रिय कार्यकर्ताओं से ही संभव है मजबूत संगठन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



भारतीय जनता पार्टी की मीडिया, आईटी सेल और सोशल मीडिया विभाग की संयुक्त बैठक जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मार्गदर्शन में संपन्न हुई, जिसमें आगामी प्रशिक्षण वर्ग और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिला भाजपा उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह परिहार ने की। इस दौरान जिला महामंत्री और जिला प्रशिक्षण वर्ग के प्रमुख दिलीप साहू, महामंत्री विनोद अरोरा, प्रशिक्षण वर्ग टोली सदस्य राजेंद्र पाध्ये, जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सोशल मीडिया संयोजक रजनीश श्रीवास्तव और आईटी सेल संयोजक जितेंद्र सिंह राजपूत सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मंडल स्तर और विभिन्न मोर्चों के मीडिया, आईटी और सोशल मीडिया प्रभारी भी शामिल हुए। शिवेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि भाजपा निरंतर संगठनात्मक गतिविधियों के माध्यम से कार्य करती है और नवाचार को महत्व देती है। उन्होंने कहा कि पार्टी की गतिविधियों और विचारों को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने में मीडिया, आईटी और सोशल मीडिया टीम की भूमिका बेहद अहम है। जिला महामंत्री दिलीप साहू ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा पर कार्य करती है और सर्वप्रथम राष्ट्र, द्वितीय संगठन और अंत में हम के सिद्धांत को अपनाते हुए कार्यकर्ताओं को सेवा भाव से काम करना चाहिए। राजेंद्र पाध्ये ने मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि पार्टी की गतिविधियों की सही और प्रमाणिक जानकारी जनता तक पहुंचाना आवश्यक है। बैठक को जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव और आईटी सेल प्रभारी जितेंद्र सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आईटी सेल के जिला सहसंयोजक उमेश गिरी ने किया, जबकि सोशल मीडिया सहसंयोजक अविनाश राजपूत ने आभार व्यक्त किया। बैठक में भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राजीव नगर के वार्डवासियों का बेदखली से पहले हो विस्थापन

# हुडको में पाइपलाइन में लीकेज, गहराया जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

■ जनदर्शन में आए 136 आवेदन, टीएल में होगी चर्चा

कलेक्टर सभागार में बुधवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन लगाया। इस दौरान उन्होंने लोगों की शिकायतें सुनी। कुल 136 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 136 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी प्रकरणों में संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन कर प्रकरणों की जानकारी ली और तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। हुडको संघर्ष समिति ने पेयजल पाइपलाइन में लीकेज को सुधारने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि वार्ड 69,70 हुडको में पेयजल आपूर्ति की एमडीपी पाइपलाइन में लगातार लीकेज की समस्या आ रही है। वर्ष 2014-15 में बिछाई गई एमडीपी पाइपलाइन से 2021 में पानी की आपूर्ति शुरू हुई, लेकिन लंबे समय तक खाली रहने के कारण पाइप की गुणवत्ता कमजोर हो गई है, जिससे करीब दो दर्जन जगहों पर पाइप फटने की शिकायतें मिली है। समिति ने स्थायी समाधान के लिए एमडीपी की जगह डीआई पाइप लगाने की मांग की।



### अतिक्रमण हटाने की मांग

दीक्षित कॉलोनीवासियों ने कोसानगर भिलाई में किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की। कालोनीवासियों ने बताया कि 15 फीट की कच्ची सड़क पर टीन शेड लगाकर कब्जा कर लिया गया है और आगे जाने वाले मार्ग पर लोहे का गेट, पानी की टंकी व बोरिंग कर रास्ता बंद कर दिया गया है, जिसके कारण असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त भिलाई को निरीक्षण कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। नगपुरा के ग्रामवासियों ने रेबीज टीका उपलब्ध कराने आवेदन दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुरा सहित जिले के कई स्वास्थ्य केंद्रों में रेबीज (कुत्ता काटने) का टीका उपलब्ध नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### 150 परिवारों को बेदखल करने की तैयारी

राजीव नगर वार्ड 29 के वार्डवासियों ने बेदखली के पूर्व प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने आवेदन दिया। नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड क्रमांक 29 राजीव नगर में रेलवे भूमि पर बसे लगभग 150 परिवारों ने संभावित बेदखली को लेकर चिंता जताई। बस्तीवासियों ने बताया कि वे कई दशकों से यहां रह रहे हैं और वर्ष 2003 से बिजली कनेक्शन सहित नगर निगम की कई बुनियादी सुविधाएं भी मिल रही हैं। रेलवे विभाग द्वारा बेदखली की कार्रवाई की जाती है तो उससे पहले सभी प्रभावित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आवास उपलब्ध कराया जाने की मांग की, ताकि गरीब परिवारों को बेघर होने की स्थिति का सामना न करना पड़े।

### स्वदेशी मेले का आयोजन 13 से 19 मार्च तक

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा राज्य के विभिन्न शहरों में स्वदेशी मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के जयंती स्टेडियम के सामने मैदान में स्वदेशी मेले का आयोजन 13 मार्च से 19 मार्च के मध्य किया जा रहा है। भारतीय विपणन विकास केंद्र, जो कि स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की एक इकाई है, के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और शासन की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाना है। प्राप्त निर्देशों के परिपालन में, राज्य के सभी प्रमुख विभागों को इस मेले में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. 202603100400037/अ-02/2025-26

एतद् द्वारा सार्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक /आवेदिका हीराराज स्टील्स प्रा.लि, डायरेक्टर श्री देवेन्द्र मध्यानी आ. श्री खेमामल मध्यानी, निवासी - ग्रेस बाई गणपति जुनवानी द्वारा नीचे वर्णित "अनुसूची" में उल्लेखित ग्राम, खसरा, रकबा भूमि के दर्शित प्रयोजन अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर के द्वारा जारी अधीसूचना दिनांक 22.12.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ भू- राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण ) नियम 2025 में दिये गये निर्धारित प्ररूप-एक में भूमिस्वामी द्वारा भूमि उपयोग के व्यपवर्तन तथा स्वनिर्धारण की सूचना व घोषणा पत्र छ.ग.भूरा.संहिता 1959 यथासंशोधित 2022 की धारा 59,/172 के तहत् इस न्यायालय में अन्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है :-

-: अनुसूची :-

| ग्राम का नाम, प.ह.नं. जहाँ आवेदित भूमि स्थित है | आवेदित भूमि का खसरा नंबर | रकबा हे./ वर्गमीटर में | प्रयोजन |
| --- | --- | --- | --- |
| ग्राम- खेदामारा प.ह.नं.-11 रा.नि.म.-जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग | 14/2 | 1.1500 हे. | औद्योगिक |

अतएव उपरोक्त उपर वर्णित भूमि के व्यपर्वतन / पुर्ननिर्धरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा जारी होने की तिथि से 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति अथवा दावा स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति / अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि में दावाआपत्ति के पश्चात् दावा आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला दुर्ग
दुर्ग, दिनांक 09/03/2026

## खबर संक्षेप



### सेलूद में ग्राम वैद्य निहाली को किया याद

**सेलूद।** ग्राम सेलुद के सुभाष चौक निवासी स्वर्गीय निहाली यादव की 29 वीं पुण्यतिथी मनाई गई । ग्राम सेलुद में अपने पुरे जीवन काल में ग्राम के लोगों का नाड़ी देखकर मुफ्त में इलाज करने वाले निहाली यादव को उनकी पुण्यतिथि पर आज ग्राम सेलुद के लोगों ने याद किया । ग्राम पंचायत सेलुद के सरपंच खिलेश मारकंडे ने कहा कि हम अपने बड़े बुजुर्गो से सुना करते है कि निहाली यादव को वैद्य का अनुभव विरासत में मिला था। उनका पूरा जीवन जंगली जड़ी-बूटी से लोगों का इलाज करने में ही बीता है। इस अवसर पर उनके पुत्र छेदुराम यादव, नेतराम यादव, सरपंच खिलेश मारकंडे, पंच रमेश कश्यप, ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेन्द्र बंछोर, पुर्व सरपंच खेमीन साहु, खेमलाल साहु, तारेन्द्र बंछोर, नंदु साहु, रमेश देवाँगन, दानेश्वर वर्मा, पंच इंद्राणी वर्मा आदि उपस्थित थे।

### जीवनदीप समिति की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा



**उतई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई के जीवन दीप समिति की साधारण सभा में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद जीवन दीप समिति के उपस्थित समस्त सदस्यों ने अस्पताल परिसर में चार पौधे रोपित किए। बैठक में प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि शीतला ठाकुर, सरस्वती साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, चेतन साहू, हरीश यादव, रूपा यादव, शिव नारायण देशमुख आदि उपस्थित थे।

## निधन

### रामप्रसाद साहू

**जामुल।** ग्राम पंचायत ढौर के पूर्व सरपंच व क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी



नेता रामप्रसाद साहू (74) का 10 मार्च मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 मार्च बुधवार को ढौर के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए , वे टिकेश्वर साहू के पिता व सोनम साहू एवं विपिन साहू के दादा थे।

### एस सुकुमारन नायर


**दुर्ग।** एलआईजी 399 पदमनाभपुर



दुर्ग निवासी एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग से सेवानिवृत्त कर्मी सुकुमारन नायर 87 वर्ष का निधन बुधवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में 12 मार्च को दोपहर 12 बजे किया जायेगा। वे चंद्रमती नायर के पति और शोभना, हेमा, सुधा नायर के पिता थे।

### खजांची लाल अग्रवाल

**भिलाई।** रिसाली बीएसपी मार्केट



स्थित गर्ग जनरल स्टोर्स एवं गर्ग शूज के संचालक खजांची लाल अग्रवाल 89 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे गोविन्द अग्रवाल के पिता एवं अमित, अविनाश और करण अग्रवाल के दादा थे।

### पवन कुमार ताम्रकार



**दुर्ग।** पवन कुमार ताम्रकार पिता कृष्ण कुमार ताम्रकार का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 मार्च को किया गया। वे दुर्गेश देवी ताम्रकार के पति और मुस्कान व महक की पिता थे।

### देवकी वर्मा

**सेलूद।** ग्राम सेलूद के गांधी चौक निवासी देवकी वर्मा 60 वर्ष पति मदन वर्मा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 मार्च को सेलूद के मुक्तिधाम में किया गया। वे मोहन वर्मा, मानिक वर्मा व राजेंद्र वर्मा की भाभी थीं।

## भगवान श्रीकृष्ण की पूजा कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

# जीवन को सही दिशा देने वाला महत्वपूर्ण मार्गदर्शक ग्रंथ है गीता : विधायक ललित

### कोलिहापुरी में यादव समाज का वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए विधायक चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोलिहापुरी में यादव पंचायत चंदखुरी सर्किल की ओर से वार्षिक सम्मेलन और गीता पूजन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण और श्रीमद्भागवत गीता की पूजा-अर्चना से हुई। विधायक चंद्राकर ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और प्रबुद्ध जनों को भी सम्मानित किया गया।विधायक चंद्राकर ने कहा कि गीता पूजन और समाज का वार्षिक सम्मेलन हमें भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों को समझने और उन्हें जीवन में अपनाने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि भागवत गीता जीवन को सही दिशा देने वाला महत्वपूर्ण मार्गदर्शक ग्रंथ है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जीवन के कर्तव्यों और मूल्यों का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि गीता हमें कर्म की महत्ता सिखाती है और अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाने की प्रेरणा देती है। गीता निष्काम कर्म का संदेश देती है, यानी बिना किसी अपेक्षा के अपने कर्म करते रहना ही जीवन का सही मार्ग है। इसके साथ ही गीता आत्मबोध और आत्मचिंतन का भी मार्ग दिखाती है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन को बेहतर दिशा दे सकता है। विधायक चंद्राकर ने कहा कि यादव समाज स्वाभिमानी समाज है, जिसने अपनी संस्कृति और परंपराओं को हमेशा संजोकर रखा है। उन्होंने समाज के लोगों से सभी क्षेत्रों में आगे बढ़कर योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। इसलिए समाज के बेटे-बेटियों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देना सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम में यादव समाज के अध्यक्ष सुरेश यादव, उपाध्यक्ष सुदामा यादव, रामेश्वर यादव, दशरथ यादव, बरातू यादव, भोजराम यादव, डेमन यादव, मनोहर लाल यादव, संतु यादव, धसिया राम यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्यजन और समाजजन उपस्थित थे।

### भरत और नृसिंह अवतार की कथा से भक्त हुए भावविभोर

**अंडा।** ग्राम सिकोला (गुरेदा) डगनिया में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के कथा वाचन के दौरान अनेक प्रेरणादायक और भक्तिमय प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथा वाचन आचार्य संत निरंजन



महाराज द्वारा किया गया, साथ ही साथ परायणकर्ता परमेश्वर तिवारी थे। जिसमें उन्होंने ध्रुव चरित्र, भरत कथा, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार और भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई। कथा के दौरान आचार्य ने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार बालक ध्रुव ने अपने दृढ़ संकल्प और भगवान विष्णु की कठोर तपस्या के बल पर अमर स्थान प्राप्त किया। ध्रुव की भक्ति और तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उन्हें ध्रुव तारा के रूप में आकाश में अटल स्थान प्रदान किया। इसके बाद भरत कथा का प्रसंग सुनाया गया, जिसमें राजा भरत के वैराग्य और उनके जीवन की घटनाओं के माध्यम से बताया गया कि मनुष्य को मोह-माया से दूर रहकर भगवान की भक्ति करनी चाहिए। कथा के अगले प्रसंग में नृसिंह अवतार और भक्त प्रहलाद चरित्र का वर्णन किया गया। आचार्य ने बताया कि किस प्रकार दैत्यराज हिरण्यकश्यप के अत्याचारों के बावजूद भक्त प्रहलाद भगवान विष्णु की भक्ति में अडिग रहे। अंत में भगवान विष्णु ने नृसिंह अवतार धारण कर हिरण्यकश्यप का वध किया और अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा की।

### रुक्मणी विवाह प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

**अंडा।** नवनीत महिला मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी चिंगरी के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान कथा व्यास पं. भूपेंद्र पाण्डेय महाराज (गुंडरदेही, जिला बालोद) ने भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणी के दिव्य विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के दौरान पं. पाण्डेय महाराज ने बताया कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मणी भगवान श्रीकृष्ण को अपना पति मानती थीं। लेकिन उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से कराने का निर्णय लिया। तब रुक्मणी ने भगवान श्रीकृष्ण को पत्र भेजकर उनसे सहायता की प्रार्थना की। भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मणी की सच्ची भक्ति और प्रेम को स्वीकार करते हुए विदर्भ पहुंचकर उनका हरण किया और विधि-विधान से विवाह संपन्न किया। परिक्षित में सेवानिवृत शिक्षक पोषण लाल साहू और भारती साहू बैठे हैं। उन्होंने बताया कि रुक्मणी विवाह प्रसंग सच्चे प्रेम, विश्वास और भक्ति का प्रतीक है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी माता के विवाह प्रसंग को सुनकर भाव-विभोर हो गए। इस अवसर पर पूर्व सरपंच पुष्पा देशमुख, लक्ष्मी दिल्लीवार, जानकी साहू, अनुसुईया यादव, कुसुम, रीना साहू,डॉ. के. एल. दिल्लीवार, बी. एन. भरद्वाज, मालिक राम साहू, भूखन लाल दिल्लीवार, राहुल, साकेत पटेल और सचिन दिल्लीवार सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।



# शासकीय महाविद्यालय जामुल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल

डॉ. मनराखन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय जामुल में महिला प्रकोष्ठ एवं महिला उत्पीड़न निवारण समिति के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मे वित्तीय साक्षरता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. आर.एस. सिंह के सफल निर्देशन में सम्पन हुआ।

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वित्तीय साक्षरता विषय पर व्याख्यान का किया आयोजन

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा एवं अर्चना कर की गई। मुख्य वक्ता डॉ शशि कश्यप विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग ने वित्तीय साक्षरता में कमाई, खर्च, बचत, उधार और निवेश के बुनियादी सिद्धांत के बारे मे विस्तार से चर्चा की ।साथ ही साथ वित्तीय साक्षरता विषय पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।


डॉ. रचना चौधरी ने अपने उद्बोधन में वर्ष 2026 महिला दिवस की थीम (दान करके लाभ प्राप्त करें) की चर्चा करते हुए कहा कि जब हम देते हैं, तो हमें मिलता है। आइए, मिलकर भरपूर दान के माध्यम से लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में मदद करें, इस पर अपने विचार व्यक्त किये । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण व विद्यार्थी गण उपस्थित रहे। रखे। अंत में डॉ. रचना चौधरी ने सभी प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गजेंद्र कश्यप, डॉ. भावना माहुले, डॉ. रमेश मेश्राम, डॉ. संजय परगनिया, विनीता परगनिहा, पी हेमा राव, डॉ. अंजू माला आदि का योगदान रहा।

### चैत्र नवरात्रि की तैयारी चल रही धनोरा में

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में चैत्र नवरात्रि की तैयारी जोरों शोरों से चल रही है। यहां ज्योति शुल्क 751 रुपए रखा गया है। 19 मार्च गुरुवार को ज्योति घटस्थापना की जाएगी। दरबार के लक्ष्मण बाबा एवं पंडित विनय शर्मा ने बताया कि 23 मार्च सोमवार पंचमी, 26 मार्च गुरुवार एवं 27 मार्च शुक्रवार को शाम 4 बजे से ज्योति विसजर्न शोभा यात्रा गली भ्रमण का कार्यक्रम रखा गया है। 2 अप्रैल गुरुवार को हनुमान प्रकटोत्सव झांकी के साथ खिचड़ी प्रसाद वितरण शाम 4 बजे से शोभा यात्रा गली भ्रमण एवं रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ के मशहूर नाच पार्टी धुर्रे बंजारी वाले का कार्यक्रम रखा गया है।

# दुर्ग के पूर्व सैनिक ने लगवाया सोलर प्लांट साल भर में बनाई खपत से दोगुनी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



जिले के ग्राम धनोरा में रहने वाले भारतीय सेना के सेवानिवृत्त जवान जयपाल ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ लेकर बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। वर्तमान में भारतीय स्टेट बैंक में कार्यरत जयपाल ने अपने घर की छत पर तीन किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया है, जिससे उन्हें बिजली बिल से लगभग पूरी तरह राहत मिल गई है। जयपाल के मुताबिक उन्होंने जनवरी 2025 में अपने घर पर यह सोलर सिस्टम लगाया था। एक साल के भीतर उनके सोलर पैनल से कुल 4870 यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ। इसमें से 2008 यूनिट बिजली उन्होंने खुद उपयोग की, जबकि 2862 यूनिट बिजली ग्रिड में भेज दी। इसके बदले बिजली विभाग ने उन्हें अब तक 17 हजार 414 रुपए का सोलर रिबेट दिया है, जो उनके बिजली बिल में समायोजित किया गया। पहले जहां उनका मासिक बिजली बिल करीब 2000 से 2500 रुपए तक आता था, अब बिल लगभग शून्य या माइनस में आ रहा है। जयपाल का कहना है कि पूरे साल में सोलर सिस्टम में उन्हें किसी तरह की तकनीकी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। पैनल की सफाई के लिए सुबह हल्का पानी डालना ही पर्याप्त होता है। उन्होंने बताया कि छत पर सोलर पैनल लगने से पानी की टंकी को भी छाया मिलती है, जिससे टंकी का पानी अपेक्षाकृत ठंडा रहता है। जयपाल का कहना है कि अगर हर घर में सोलर पैनल लगे तो लोग बढ़ते बिजली बिल से राहत पा सकते हैं और स्वच्छ ऊर्जा के साथ बेहतर जीवन जी सकते हैं।

# यादों के झरोखे से विदा हुए नौनिहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवरी में बुधवार को कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत देवरी की सरपंच सावित्री साहू उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी की प्राचार्या ने की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात कक्षा 7वीं की छात्राओं ने मधुर सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मंच संचालन विद्यालय के छात्र ईश्वर और छात्रा काजल ने अपनी ओजस्वी शायरी और संवादों से बेहद प्रभावी ढंग से किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, जिसने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

- देवरी में कक्षा 8वीं के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित

## बिजनेस साइट

### मोहन नगर दुर्ग में 'मेगा शॉप' का हुआ शुभारंभ



**दुर्ग।** शहर के मोहन नगर क्षेत्र में स्वरूप टॉकीज के सामने नए रिटेल शोरुम 'मेगा शॉप' का भव्य शुभारंभ किया गया है। इस शोरुम में ग्राहकों के लिए फैशन और घरेलू उपयोग के सामान की 5000 से अधिक स्टाइल उपलब्ध कराई गई हैं। खास बात यह है कि यहां फैशन उत्पादों की शुरुआत मात्र 99 रुपये से की गई है, जिससे ग्राहकों को किफायती दरों पर खरीदारी का अवसर मिलेगा। शोरुम में पुरुष, महिलाएं और बच्चों के लिए कपड़ों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। पुरुषों के लिए टी-शर्ट, कैजुअल शर्ट, कुर्ता और ट्राउजर, वहीं महिलाओं के लिए कुर्ती, टॉप, जीन्स और सलवार सूट सहित कई आकर्षक विकल्प मौजूद हैं। बच्चों के लिए टी-शर्ट, फ्रॉक, कैजुअल सेट और अन्य परिधान किफायती कीमतों पर उपलब्ध कराए गए हैं। मेगा शॉप में कई उत्पादों पर विशेष ऑफर भी दिए जा रहे हैं। कुछ वस्तुओं पर 'बाय वन गेट वन फ्री' तथा कुछ पर विशेष छूट की सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा ग्राहकों के लिए सुनिश्चित उपहार की भी व्यवस्था की गई है, जिसमें निर्धारित राशि की खरीदारी पर ट्रैवल बैग, कैसरोल सेट, डिनर सेट, ड्राई आयरन और मिक्सर ग्राइंडर जैसे आकर्षक गिफ्ट दिए जाएंगे। इसके साथ ही बैक टू स्कूल कलेक्शन के तहत बच्चों के लिए स्कूल बैग, राइटिंग बुक, पेंसिल, लंच बॉक्स और पानी की बोतल जैसी सामग्री भी उपलब्ध है। घरेलू उपयोग के सामान जैसे बाउल सेट, बास्केट सेट, बेड शीट और वॉटर बॉटल सेट पर विशेष छूट दी जा रही है। शोरुम प्रबंधन के अनुसार ग्राहकों की सुविधा के लिए क्यूआर कोड स्कैन कर प्रोफाइल अपडेट करने पर 200 का फ्री शॉपिंग वाउचर भी दिया जा रहा है। इस नए शोरुम के खुलने से मोहन नगर, दुर्ग और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को एक ही स्थान पर फैशन और घरेलू जरूरतों का सामान आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार व डिस्काउंट

**दुर्ग।** इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64बी, प्रिया सिंगार सदन के सामने स्थित ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट और विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। यहां एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच व इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने बताया कि अपार भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखने में असुविधा होती है। ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। उन्होंने बताया कि शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100 फीसदी विश्वनीयता पर खरा रहती है। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। सभी प्रकार के चेक, ऑल एटीएम और क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा है।




### तालाबो में निस्तारी के लिए तांदुला बांध से शीघ्र पानी छोड़ा जाए, मांग

**सेलूद।** मंडल अध्यक्ष व ग्राम पंचायत सेलुद सरपंच खिलेश मारकंडे ने तांदुला बांध से तांदुला नहर में छोडने की मांग की है। उन्होंने कहा कि खरीफ फसल धान



की कटाई के बाद से अभी तक बीच में वर्षा नही होने की वजह से पाटन क्षेत्र के तालाबों में पानी का स्तर नीचे चला गया है। मार्च के शुरुआत महीने से गर्मी अधिक बढ गई है ऐसे स्थिति में क्षेत्र के लोग निस्तारी के पानी के लिए जूझ रहे है। पाटन क्षेत्र के लगभग 70 प्रतिशत गांवों के तालाबो का जल स्तर कम होने से निस्तारी करने लायक नहीं है। मार्च की शुरुआत से ही विकराल गर्मी को देखते हुए ऐसा लग रहा है कि शेष 30 प्रतिशत तालाब पखवाड़े भर में ही सुख जाएंगे। ऐसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए तांदुला बांध से तादुला नहरों के लिए शीघ्र पानी छोड़ा जाए।

# भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती और सामूहिक आदर्श विवाह की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



तहसील साहू संघ पाटन के तत्वाधान में भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह समारोह का आयोजन इकाई साहू समाज भरर में आगामी 25 एवं 26 अप्रैल को किया जाएगा। इसी संदर्भ में 10 मार्च को तहसील कार्यालय पाटन में कार्यकारिणी सहित पांचों परिक्षेत्र एवं 99 इकाइयों की बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि 25 एवं 26 अप्रैल को होने वाले विशाल कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम में अधिक से अधिक समाज के लोग शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि आयोजन की तैयारी के लिए 99 इकाइयों से प्रति चूल्हा 50 रुपये की सहयोग राशि तथा 5 किलो चावल अन्नदान के रूप में देने का निर्णय लिया गया है। बैठक में अन्य वक्ताओं ने पूर्व में महुदा इकाई साहू समाज ग्राम में आयोजित 100 जोड़ों के सामूहिक विवाह की सफलता को याद करते हुए कहा कि इस बार भरर में आयोजित होने वाले समारोह में अधिक जोड़ों को शामिल कराने के लिए सभी पदाधिकारी सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। बैठक में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी-अपनी जिम्मेदारियां तय की गईं। बैठक में कार्यक्रम के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है जिसमे, श्रीमती भुनेश्वरी साहू प्रभारी,डॉ रामनाथ साहू सह प्रभारी, दिलीप साहू सह प्रभारी। तेली गुंडरा डूलेश्र साहू प्रभारी, तामेश्वर साहू सह प्रभारी, प्रदीप साहू सह प्रभारी। असनारा श्रीमती विमला साहू प्रभारी, दिलीप साहू सह प्रभारी, दिनेश साहू सह प्रभारी। झीट सुरेंद्र साहू प्रभारी, कल्याण साहू सह प्रभारी, डीजेंद्र साहू सह प्रभारी। बेल्हारी नारद साहू प्रभारी, कोमीन साहू सह प्रभारी,कमलेश साहू सह प्रभारी है।

तहसील साहू संघ के पदाधिकारियों सहित परिक्षेत्र व स्थानीय पदाधिकारी,सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तहसील साहू संघ पाटन के महासचिव महेंद्र कुमार साहू द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन लालेश्वर साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन ने किया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सब्जी मंडी को शिफ्ट करने की मांग को लेकर व्यापारी मिले आयुक्त से, दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुपेला आकाश गंगा सब्जी मंडी में दिन पर दिन बढ़ती भीड़ और गाड़ियों के दबाव को देखते हुए काफी समय से इसे दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग चल रही है। निगम द्वारा बार बार आश्वासन दिए जाने के बाद भी मंडी शिफ्टिंग की प्रक्रिया को आगे ना बढ़ाने की बाद पर नाराजगी जताते हुए सब्जी मंडी के सभी व्यपारी बुधवार को निगम के मुख्य कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय और मेयर नीरज पाल को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि मंडी को जल्द से जल्द कृषि उपज मंडी की तर्ज पर राधिका नगर सुपेला थाने के पीछे शिफ्ट किया जाएगा।

जॉन सिंह थोक सब्जी मंडी सुपेला के सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष रवि जॉन सिंह और महामंत्री अरविंद गुप्ता ने बताया कि आकाश गंगा सब्जी मंडी का सन 2000 में पावर हाउस से स्थानंतरण किया गया था। उस समय इस मंडी में 25 थोक और 300 चिल्हर सब्जी विक्रेता के लिए व्यवस्था की गई थी। वर्तमान में शहर की बढ़ती जनसंख्या के चलते डिमांड इतनी बढ़ गई कि मंडी में दुकानों की संख्या बढ़कर थोकी की 110 और चिल्हर की कई गुना अधिक बढ़ गई है। अब यहां व्यापारियों को मंडी का कार्य करने में परेशानी हो रही है। पिछले लगभग 10-11 सालों से वो लोग मांग कर रहे हैं कि इस मंडी को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए। उन्होंने शासन, निगम और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को यह अवगत कराया है कि सब्जी मंडी में हर दिन 300 से अधिक ट्रैक्टर ट्रालियां और ट्रकों का सब्जी लेकर आना जाना होता है। इसके बाद भी मंडी में इनके लिए किसी भी तरह की कोई पार्किंग व्यवस्था नहीं दी गई है, इससे वो कहीं भी वाहन को खड़ा करते हैं और इससे मंडी में जाम की स्थिति निर्मित होती है। इससे किसानो को सब्जी लाने और बेचने में परेशानी हो रही है। इसलिए इस समस्या को देखते हुए उनकी मांग है कि इस मंडी को सुपेला थाने के पीछे राधिका नगर में शिफ्ट किया जाए।

## कृषि उपज मंडी की तर्ज पर आकाश गंगा सब्जी मंडी को शिफ्ट करने की रखी मांग

### व्यापारियों के चबूतरों का माफ हो ब्याज व जुर्माना

इस दौरान उन्होंने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर निगम से मांग की है कि आकाश गंगा सब्जी मंडी में जो चिल्हर दुकानदारों के लिए चबूतरे बनाए गए हैं उनका समय पर टैक्स ना अदा होने पर निगम ने एक एक चबतरे पर 40-45 लाख का जुर्माना और ब्याज लगाया है। इसलिए उसको माफ किया जाए।



### सब्जी मंडी बंद करने की चेतावनी

उन्होंने निगम और जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पर जल्द अमल नहीं किया गया तो वो लोग सब्जी मंडी को बंद करने के लिए बाध्य होंगे। इसके साथ ही वो लोग अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए भी बाध्य होंगे। उनके इस आंदोलन में आकाश गंगा चिल्हर विक्रेता संघ, नेताजी सुभाष मार्केट सब्जी विक्रेता संघ पावर हाउस, लक्ष्मी मार्केट सुपेला और सभी सप्ताहिक सब्जी व्यापारी संघ ने समर्थन देने का आश्वासन दिया है।

## खबर संक्षेप

### दुर्ग भाजपा कार्यालय का घेराव आज

**भिलाई।** जिले में बढ़ती नशाखोरी और अपराध के विरोध में भाजपा कार्यालय का घेराव गुरुवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा। दुर्ग शहर, भिलाई, दुर्ग ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में यह प्रदर्शन किया जाएगा। भिलाई में प्रियदर्शनी परिसर में बड़ी संख्या में कांग्रेसी एकत्रित होंगे। इसके बाद रैली की शक्ल में दुर्ग पहुंचेगी। इसी प्रकार दुर्ग ग्रामीण और शहर जिला दुर्ग के कार्यकर्ता राजीव भवन में एकत्रित होंगे। रैली की शक्ल में भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे।

### बाबा बालकनाथ का महायज्ञ 15 को

**भिलाई।** सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ मंदिर सेक्टर 11, खुर्सीपार द्वारा श्री बाबा बालकनाथ का 62 वां महायज्ञ एवं विशाल भंडारा का आयोजन 15 मार्च को किया गया है। कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधानसभा विधायक देवेन्द्र यादव होंगे। कार्यक्रम का झंडा फेरी 13 मार्च को सुबह 7 बजे से मंदिर प्रांगण से शुरू की जायेगी। वहीं 15 मार्च को महायज्ञ और 16 मार्च को पूर्णाहुति की जाएगी।

### राजेन्द्र बने आमंत्रित सदस्य

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी भिलाई अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने



भिलाई शांति नगर तीन निवासी पूर्व पार्षद राजेन्द्र सोनी को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया है। इसके अलावा पार्टी ने वरिष्ठ भाजपा नेताओं को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया है। राजेन्द्र सोनी ने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंपी है। ईमानदारी के साथ उसे निभाउंगा।

### कमलेश गोंड़ महासभा के अध्यक्ष बने



**भिलाई।** केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागड़ की हुई विशेष सभा में सर्वसम्मति से कमलेश ध्रुव को महासभा का केंद्रीय अध्यक्ष घोषित कर उनकी प्रबंध कार्यकारिणी को अनुमोदन प्रदान किया गया। चुनाव पांच वर्ष के लिए किया गया। बैठक में 16 जिलों के जिलाध्यक्षों सहित पदाधिकारियों, सदस्यों व गोड़ समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। चुनाव बाद पदाधिकारियों व सदस्यों ने समाज के भवन कचना ध्रुरवा देवालय दुर्ग पहुंचकर देवगुड़ी पंचमी पूजा की।

## इजराइल-अमरीका व ईरान के बीच छिड़े युद्ध की महंगाई से बढ़ेगी निर्माण लागत

# सेल चेयरमेन की नियुक्ति में गतिरोध से और लंबा खिंच सकता है बीएसपी का लंबित मेगा प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पहले से लेटलतीफ सेल के सबसे बड़े उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र के विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण परियोजना (एक्सपांशन प्रोजेक्ट) में अब और विलंब हो सकता है। सेल चेयरमेन के इस्तीफे और अमरीका- इजराइल तथा ईरान के बीच छिड़े भंयकर युद्ध की छाया इस मेगा प्रोजेक्ट पर भी पड़ने के आसार हैं। एक्सपांशन प्रोजेक्ट के शुरु होने में विलंब से सेल के विस्तार के लक्ष्य पर असर पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड सेल के विस्तार के लक्ष्य के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र का एक्ससपांशन प्रोजेक्ट -2 प्रस्तावित है। बीएसपी का विस्तारीकरण होने से उत्पादन क्षमता 7 से 10 मिलियन टन और 2031 में सेल की उत्पादन क्षमता 31 मिलिटन टन किए जाने का लक्ष्य है। लेकिन पांच साल बाद भी बीएसपी का एक्सपांशन प्रोजेक्ट शुरु नहीं हो सका है। सेल से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इस विलंब की मुख्य वजह इस मेगा प्रोजेक्ट के उत्पादन लागत के भारभरकम फंड को बताया जा रहा है। इस दौरान एकाएक उत्पन्न सेल और अंतराष्ट्रीय परिस्थितियों से अब बीएसपी के एक्सपांशन प्रोजेक्ट के और लंबा खिंचने के आसार बन गए हैं। पखवाड़े भर पूर्व अचानक सेल के चेयरमेन अमरेंदु प्रकाश के इस्तीफा दे देने से कंपनी में फुलफील नेतृत्व के गतिरोध आने और वर्तमान में अमरीका-इजरायल तथा ईरान के बीच चल रहे भीषण युद्ध के चलते बीएसपी का महत्वाकांक्षी विस्तारीकरण प्रोजेक्ट शुरु होने में और विलंब होगा। सूत्र बताते हैं कि नए सेल चेयरमेन की नियुक्ति के बाद ही अब परियोजना के निर्माण के लिए लागत फंड की मंजूरी पर मुहर लगेगी। नियुक्ति कब होगी यह सुनिश्चित नहीं है। इसके अलावा अमरीका -ईरान युद्ध के चलने से देश में महंगाई का ग्राफ तेजी से बढ़ने से स्टील,सीमेंट, मशीनों की कीमतें बढ़ने से प्रोजेक्ट की उत्पादन लागत और बढ़ जाएगी। फिर युद्ध के दौरान सरकार का ध्यान इसके दुष्प्रभावों से अपने देश को बचाने पर फोकस होगा। एडवायजरी में पेट्रोल डीजल के रेट बेतहाशा नहीं बढ़ने देने और आवश्यक सेवाओं की सप्लाई चेन को बिना अवरोध के बनाए रखने की होगी।

### 5 साल बाद भी शुरू नहीं हो पाई परियोजना, निर्माण लागत राशि आ रही है आड़े



### सेल के विस्तारीकरण लक्ष्य में होगी बीएसपी की बड़ी भूमिका

गौरतलब हो कि सेल के 31 मिलियन टन उत्पादन विस्तार के लक्ष्य में पहले की तरह इस कंपनी की सबसे बड़ी यूनिट बीएसपी की अहम भूमिका होगी। क्योंकि बीएसपी के विस्तारीकरण परियोजना के जल्द शुरु होने व पूर्ण हो जाने से बीएसपी की इस्पात उत्पादन क्षमता 7 मिलियन टन से बढ़कर 11 मिलियन टन हो जाएगी।

एक्सपांशन प्रोजेक्ट -2 के तहत बीएसपी में एक अन्य ब्लास्ट फर्नेस, एसएमएस, रेल मिल सहित आधा दर्जन नई मिलें व शाप्स निर्माण होना है। लेकिन 1017 में मुश्किल से पूर्ण हुए एक्सपांशन प्रोजेक्ट -1 की भारी लेटलतीफी की तरह प्रोजेक्ट 2 के शुरु होने में भी विलंब हो रहा है। यह प्रोजेक्ट 2019 में शुरु हो जाना था लेकिन सेल के निर्माण लागत फंड उपलब्ध नहीं हो पाने से अब तक शुरु नहीं हो पाई है। यही वजह है कि सिर्फ नई रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल मंजूरी के बाद भी निर्माण अब तक शुरु नहीं हो पाया है। सूत्रों के मुताबिक सेल प्रबंधन विस्तारीकरण प्रोजेक्ट के भारीभरकम लागत राशि के लिए मोटे ब्याज पर बैंक से कर्ज लेना पड़ेगा, जो सेल की माली हालत के चलते भारी महंगा पड़ेगा। घाटे के चलते ही सेल करीब एक लाख कर्मियों का 39 महीने का एरियर्स व भत्ता पांच साल से लटका हुआ है।

# बीएसपी के ठेका श्रमिकों को नहीं मिल रहा न्यूनतम वेतन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन (इंटक) की कार्यकारिणी की बैठक सेक्टर-4 स्थित यूनियन कार्यालय में हुई बैठक में बीएसपी के ठेका श्रमिकों की मांगों पर से चर्चा की गई। उत्पादन, उत्पादकता एवं लाभार्जन में 75 प्रतिशत से अधिक योगदान देने वाले मजदूरों के मुद्दों के जल्द निदान की मांग प्रबंधन से की गई।

■ स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने की 26 हजार वेतन की मांग

बैठक में केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रम तथा केंद्र के लेबर लाइसेंस के अंतर्गत होने के बाद भी ठेका श्रमिकों को राज्य का न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है, जिससे श्रमिकों में आक्रोश व्याप्त है। बैठक में मांग की गई कि बीएसपी प्रबंधन जल्द केंद्रीय न्यूनतम वेतन अथवा न्यूनतम 26 हजार प्रतिमाह लागू करे। इसके लिए यूनियन प्रबंधन से मिलकर पुरजोर मांग व संघर्ष करेगी। यूनियन ने मांग की कि श्रमिकों को समान काम के लिए समान वेतन दिया जाए तथा बीएसपी में ठेका श्रमिकों की 20 प्रतिशत कटौती को तत्काल बंद किया जाए। सभी ठेका श्रमिकों को मोटरसाइकिल भत्ता चिकित्सा सुविधा, आवास अथवा आवास भत्ता, रात्रि भत्ता एवं कैंटीन भत्ता उपलब्ध कराया जाए।

### यह हैं प्रमुख मांगें

सभी मजदूरों को कार्य की गारंटी दी जाए तथा ठेका कंपनी बदलने की स्थिति में भी श्रमिकों को यथावत कार्य पर रखा जाए। प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाए तथा 20 लाख का दुर्घटना बीमा किया जाए। श्रमिकों को संयंत्र के सभी प्रवेश द्वारों से आने-जाने की अनुमति दें ठेका श्रमिकों के बच्चों को बीएसपी स्कूल में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए । नियमित रूप से वेतन पर्ची व लीव कार्ड दें औरठेका कार्य प्रारंभ होने के एक माह पूर्व श्रमिकों का मेडिकल परीक्षण सुनिश्चित किया जाए।इंटक) के अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने कहा कि ठेका श्रमिकों की समस्याओं एवं मांगों को लेकर यूनियन लगातार प्रयासरत है। कई विषयों पर कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा केंद्रीय न्यूनतम वेतन सहित अन्य सुविधाओं के संबंध में शीघ्र ही उच्च प्रबंधन से चर्चा करेगी।

## भाजपा के 13 मंडलों में प्रशिक्षण शिविर, बनी रूपरेखा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भाजपा द्वारा आगामी 13 मंडलों में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण शिविरों की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिविर की तिथि, स्थान, कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्रों पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की। इस दौरान मंच पर प्रभुनाथ मिश्रा, खिलावन साहू, शिरीष अग्रवाल, ललन मिश्रा, मनोज तिवारी, राम उपकार तिवारी और डॉ. राधे श्यामा वर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि मंडल प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यप्रणाली और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और दिशा देते हैं तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण साबित होते हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल और आभार प्रदर्शन गोपाल कृष्ण वर्मा ने किया। बैठक में जिला, मंडल और विभिन्न मोर्चों के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## अपनी मां के साथ दुष्कर्म करने वाले को 25 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अपनी मां से ही दुष्कर्म करने वाले को न्यायालय से 25 साल के कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधीश अवध किशोर के न्यायालय से यह फैसला। आरोपी पर 500 रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 15 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

■ अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवध किशोर के न्यायालय से आया फैसला

अपर लोक अभियोजक संजय कुमार सिंह ने बताया की आरोपी ने 23 अगस्त 2025 को रात्रि 12 बजे अपनी मां के कमरे को खटखटाया और दरवाजा खोलने पर मां के साथ गाली गलौज की। इसके बाद दुष्कर्म किया। सुबह अपने पति के ड्यूटी से लौटने पर अपनी बेटी और अन्य बेटे के साथ थाना पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने अपराध दर्ज प्रकरण विवेचना के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचारण के बाद आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। न्यायालय में सभी साक्षियों ने आरोपी के विरुद्ध कथन किया। कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

## निगम की जमीन पर बन रहा अवैध क्रिकेट कोर्ट को हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



निगम की जमीन पर किए जा रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को हटाया गया। यह कार्रवाई निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के सुबह निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देश के बाद की गई।

जानकारी के मुताबिक आयुक्त के प्रातः भ्रमण के दौरान यह पाया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा निगम की जमीन पर अवैध रूप से क्रिकेट कोर्ट बनाया जा रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जोन-3 की टीम, राजस्व विभाग और बेदखली टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और अवैध अतिक्रमण हटाकर जमीन को मुक्त कराया। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि निगम की जमीन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। कार्रवाई के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

■ आयुक्त के निर्देश पर की गई कार्रवाई

## नकटा तालाब को लेकर आप ने नगर निगम पर भू-माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कुरुद स्थित नकटा तालाब को लेकर आम आदमी पार्टी ने नगर निगम और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी नेता जसप्रीत सिंह ने कहा कि तालाब का अस्तित्व खतरे में है, लेकिन नगर निगम मूकदर्शक बना हुआ है।

जसप्रीत सिंह ने आरोप लगाया कि तालाब के आसपास लाखों रुपए खर्च कर पेवर ब्लॉक और रास्ते बनाए गए, जिनका अब उपयोग भू-माफिया अवैध रास्ता बनाने और तालाब की मेढ़ काटने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकारी पैसे से माफियाओं को निजी रास्ता देने का काम किया जा रहा है। जसप्रीत सिंह ने कहा कि नकता तालाब को लेकर पहले भी राजनीति हुई, लेकिन संरक्षण के नाम पर कोई ठोस काम नहीं हुआ। उन्होंने प्रशासन से पूछा कि तालाब का सीमांकन अब तक क्यों नहीं कराया गया और क्या जानबूझकर देरी की जा रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि शहर का जलस्तर लगातार गिर रहा है और तालाबों को बचाने के बजाय कंक्रीट का जंगल खड़ा किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि कलेक्टर खुद मौके का निरीक्षण करें, तालाब का तत्काल सीमांकन कर अतिक्रमण हटाया जाए और इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों की जांच की जाए। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि नकता तालाब को बचाने के लिए जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आम आदमी पार्टी नगर निगम के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होगी। साथ ही इस मामले की शिकायत जनदर्शन में कलेक्टर से भी की गई है, ताकि तालाब को अतिक्रमण से बचाया जा सके।

## कालेज की व्यवस्था सुधारने युवा कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



**भिलाई।** युवां कांग्रेस प्रदेश सचिव नजरुल इस्लाम ने शासकीय खूबचंद बघेल महाविद्यालय की प्राचार्या के नाम पांच सूत्रीय मांगों लेकर ज्ञापन सौंपा है। मांगो में कॉलेज परिसर में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। नशीली दवा व शराब का सेवन उनके द्वारा किया जा रहा है। अतिशीघ्र इस पर रोक लगाया जाए। इसके अलावा परिसर में सीसीटीवी कैमरा व सुरक्षा गार्ड मुख्य द्वार पर लगाया जाए। कालेज के मुख्य द्वार पर अतिशीघ्र बनाया जाए जिसमें कॉलेज का नाम अंकित हो। कालेज के भीतर वाटर कूलर व वाटर प्यूरीफायर चालू कराया जाए। कालेज की छात्राओं के लिए बाथरूम में पानी व सेनिटरी पैड का इंतजाम हो। गार्डन को बेहतर कर साफ सफाई कर पेड़ पौधा व बैठने की व्यवस्था की जाए। उक्त मांगो को पूरा नहीं किए जाने की स्थिति युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष डोमेंद्र, काशिम सद्दिकी, अभिषेक, रौशन निर्मलकर मौजूद थे।

### 8 माह बाद भी नहीं हुआ समस्या का हल

# भारतमाला सड़क परियोजना के खिलाफ फिर आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतमाला सड़क परियोजना को लेकर चार गांव के लोगों ने अपनी मांगो को लेकर आंदोलन शुरु कर दिया है।ये ग्रामीण सड़क निर्माण से प्रभावित है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी आंदोलन किया गया था। प्रशासन ने 6 माह में समस्या सुलझाने का भरोसा दिया था। आठ माह बाद भी समस्या का हल नहीं हो पाया है। सड़क निर्माण का काम भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के तहत किया जा रहा है। परियोजना से घनौद, बिरेसर, चंगोरी और अंजोरा (ख) गांव के किसान और ग्रामीण प्रभावित हो रहे हैं। इन गांवों के लोगों के मुताबिक सड़क की मौजूदा डिजाइन से आने वाले समय में खेतों में पानी भरने और बाढ़ जैसी समस्या बढ़ सकती है। आंदोलन को करने वाले अनिल देवांगन का कहना है कि 17 जुलाई 2025 को भी इन्हीं मांगों को लेकर काम रोको आंदोलन किया गया था। उस समय प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर छह महीने के अंदर समाधान का भरोसा दिया था। ग्रामीणों ने आंदोलन रोक दिया था। अब जब तय समय से ज्यादा समय बीत गया और कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो ग्रामीणों ने फिर से आंदोलन का फैसला लिया है। ग्रामीणों ने थनौद के पास बनने वाले अंडरपास को लेकर भी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि इसकी ऊंचाई कम है और इससे ट्रैक्टर, हार्वेस्टर और दूसरे बड़े कृषि वाहन आसानी से नहीं निकल पाएंगे। किसानों का कहना है कि इलाके में धान खरीदी केंद्र भी है, इसलिए बड़ी गाड़ियों का आना-जाना जरूरी है। ऐसे में अंडरपास की ऊंचाई बढ़ाने की जरूरत है।





# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129


02



महापौर ने नर्सिंग स्टाफ को हेलमेट भेंट कर दिया सुरक्षा का संदेश

## दुर्ग में 5 किमी वॉकाथन – महिलाओं की स्वतंत्रता और आत्मविश्वास का प्रेरक दृश्य

# 16 से 70 वर्ष तक की 200 प्रतिभागी महिलाओं ने उत्साह के साथ 5 किमी वॉकाथन में लगाई दौड़, मां-बेटियों की 6 जोड़ी सम्मानित

ट्विनसिटी में इन दिनों विभिन्न समाजों, संगठनों और क्लब द्वारा महिला दिवस और होली सेलिब्रेशन का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लीनेस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी द्वारा राजेंद्र पार्क चौक दुर्ग से 5 किलोमीटर वॉकाथन का आयोजन किया गया। जिसमें 16 से 70 वर्ष तक लगभग 200 प्रतिभागी महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ 5 किलोमीटर की दूरी तय की। सुबह 7 बजे से 10 बजे तक चले इस आयोजन में महिलाओं के स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण का अद्भुत संगम देखने को मिला।




दुर्ग। कार्यक्रम की शुरुआत दुर्ग की महापौर अलका बाघमार द्वारा रिबन काटकर की गई। इसके बाद जब 16 वर्ष की बालिकाओं से लेकर 70 वर्ष तक की महिलाएं उत्साह और जोश के साथ वॉक करते हुए शहर की सड़कों पर निकलीं, तो यह दृश्य अपने आप में महिलाओं की स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता का जीवंत प्रतीक दिखाई दिया। इस दौरान मां-बेटी की 6 जोड़ियों को सम्मानित किया गया।

ट्विनसिटी की सड़कों पर महिला शक्तियों ने अपने आत्मविश्वास और स्वतंत्रता का उत्सव मनाने दौड़ लगाया। इस आयोजन में लगभग 200 महिलाओं ने पंजीयन कराया, जिनमें से सभी ने पूरे उत्साह के साथ 5 किलोमीटर की दूरी तय की।

### यह रहीं विजेता

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बबीता देशमुख, द्वितीय स्थान सरिता मिश्रा, तृतीय स्थान गायत्री साहू ने प्राप्त किया। इनके साथ ही प्रथम 50 प्रतिभागियों को विशेष गिफ्ट और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए और सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिया गया। इस दौरान प्रथम 100 रजिस्ट्रेशन कराने वाली महिलाओं को संस्था द्वारा कैप प्रदान की गई।

कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मानसी गुलाटी, अधिवक्ता पूजा मोगरे, अध्यक्ष महिला विंग कैट पायल जैन, लीनेस क्लब की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट रश्मि अग्रवाल, पास्ट मल्टीपल प्रेसिडेंट मृदुला रोजिंदार, वाइस मल्टीपल प्रेसिडेंट शबाना नाज, रीजन ऑफिसर रश्मि लखोटिया, डिस्ट्रिक्ट सचिव सीमा यादव, लायंस क्लब के चार्टर मेंबर डॉ. रौनक जमाल तथा भिलाई लीनेस क्लब की चार्टर मेंबर नूतन गंधोक अपनी टीम के साथ उपस्थित रहकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।

इस वॉकाथन की पहल लीनेस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी की अध्यक्ष आकांक्षा तिवारी मिश्रा द्वारा की गई थी। कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी के कैलाश बरमेचा, सुनील अग्रवाल सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्लब के सदस्य रत्नमाला पलिया, विजयलक्ष्मी ठाकुर, दुर्गेश नंदिनी दुबे, मंजू बरमेचा, कोषाध्यक्ष रितु ठाकुर, साक्षी ठाकुर, पुष्पा मित्रा, सीमा यादव, श्रुति तिवारी उपस्थित रहीं।

### मां-बेटी की जोड़ी सम्मानित

इस अवसर पर कैलाश बरमेचा ने कहा कि दुर्ग की सड़कों पर 5 किलोमीटर तक उत्साह से चलती महिलाओं का यह दृश्य वास्तव में महिला स्वतंत्रता, आत्मबल और सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण था। यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि आज की महिला केवल घर की सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और स्वतंत्रता के साथ अपने जीवन की दिशा स्वयं तय कर रही है। इस दौरान ऑल इंडिया प्रोजेक्ट मां से बेटी जोड़ी के अंतर्गत 6 मां-बेटियों का सम्मान भी किया गया। अंकिता तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को गिफ्ट प्रदान किया।







## लाइव इवेंट

## विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य के लिए हुई अनेक गतिविधियां



**भिलाई।** शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में महाविद्यालय के विद्यार्थियों मुख्य रुप से छात्राओं के लिए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल व करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट समिति के संयोजन द्वारा विद्यार्थियों लिए अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें एक तरफ विद्यार्थियों को स्नातक के बाद क्या करें विषय पर चर्चा की गई और उनकी क्षमता, योग्यता और इच्छा के अनुरूप यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स की जानकारी प्रदान की गई। सभी संकायों के विद्यार्थियों को इन कोर्सेज की जानकारी समिति संयोजक चेतना सोनी द्वारा दी गई। विद्यार्थियों ने उद्यमिता, शिक्षा क्षेत्र में आई टी सी के प्रयोग, ऑपरेटिंग सिस्टम जैसे विषयों का चयन करके ऑनलाइन फॉर्म भरे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने इन कोर्सेज को पूरा करने में विद्यार्थियों को आवश्यक सहायता प्रदान करने की बातें कही सात ही इस कोर्स को करके प्राप्त क्रेडिट का महत्व भी समझाया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को जामगांव आर में स्थित छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक का विजिट भी करवाया गया । बैंक विजिट से विद्यार्थियों को बैंक की स्टाफ मेंबर रोशनी चंद्राकर द्वारा बैंकिंग क्षेत्र में करियर, परीक्षा, बैंक मित्र बनने की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सामान्य अंग्रेजी, कंप्यूटर और तर्क शक्ति, सामान्य लेवल के गणित की जानकारी से विद्यार्थी मेहनत करके अभी से बैंकिंग फील्ड में आ सकते है। बैंक मित्र के लिए ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी आई बी एफ सी की परीक्षा आसानी से क्लियर कर सकते हैं, जरूरत सिर्फ इच्छा शक्ति की है। प्राचार्या ने बताया कि बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी जिनेश सेन ने प्रारंभिक स्तर पर बैंक में अपना स्थान बना लिया है। करियर गाइडेंस के इसी क्रम में महाविद्यालय की छात्राओं के लिए अग्निवीर महिला भर्ती 2026 की जानकारी दी गई। इस भर्ती की योग्यता, ट्रेंड, हाइट, वेट, शिक्षा, परीक्षा के सिलेबस, तिथि, ज्वाइन इंडियन आर्मी आदि की जानकारी के साथ उन्हें देश सेवा के लिए प्रेरित किया गया।

## लाइव इवेंट

## पांडवानी लोक गायिका तीजन बाई का सम्मान



**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एचएमजीएम मोदी ग्रुप के अध्यक्ष लोकेश पांडे के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की गौरवशाली और प्रेरणादायी महिला हस्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी प्रतिभा, समर्पण और संघर्ष के बल पर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध पांडवानी लोक गायिका तीजन बाई को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। तीजन बाई ने अपनी अद्वितीय कला और गायन शैली के माध्यम से छत्तीसगढ़ की पारंपरिक पांडवानी लोककला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। उनकी इसी महान कला साधना और सांस्कृतिक योगदान के लिए उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण जैसे देश के प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत किया जा चुका है। कार्यक्रम में एचएमजीएम मोदी ग्रुप के सदस्यों ने उन्हें शॉल, श्रीफल और पौधा भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वास्थ्य उपचार के लिए अपनी ओर से एक छोटी सी आंशिक सहयोग राशि भी प्रदान की। वहीं पांडवानी लोक गायिका पद्म श्री से सम्मानित उषा बारले और भिलाई महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य विनय टंडन, राजेश कुमार, समीर, रवि, तरुण, आयुष, हितेश, शिवांत, जतिन, शेषु, इनायत, हिमांशु, पलक, बल्ला सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## साईंनाथ पालकी शोभा यात्रा का आयोजन माडल टाउन में आज

**भिलाई।** मॉडल टाउन में हर साल की तरह इस वर्ष भी 12 मार्च को साईंनाथ पालकी शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि यह धार्मिक आयोजन पिछले कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर साईं बाबा के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत 12 मार्च की शाम 7.30 बजे से भजन-कीर्तन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें साईं भक्तों द्वारा भक्तिमय प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए साईं भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन साई गार्डन, सड़क क्रमांक-6, गायत्री मंदिर के पास, मॉडल टाउन, भिलाई में आयोजित होगा।

# स्टार्टअप शुरू करने दी जानकारी, स्वरोजगार और नवाचार के लिए किया प्रेरित



**भिलाई।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र दुर्ग के सहयोग से रूंगटा यूनिवर्सिटी में स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को स्टार्टअप, उद्यमिता और राज्य शासन की औद्योगिक व स्टार्टअप नीतियों की जानकारी देने, उन्हें स्वरोजगार और नवाचार के लिए प्रेरित करने के लिए किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बीआर निकुंज मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र दुर्ग ने विद्यार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि युवा चाहें तो सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपना उद्योग स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है और युवाओं के नवाचार को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यक्रम में एसके सिंह, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने शासन की स्टार्टअप नीति पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार नवाचार आधारित उद्यमों को प्रोत्साहित करने के लिए वित्तीय सहायता, मार्गदर्शन और विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के बारे में भी जानकारी दी गई। इस सत्र में राज्य में औद्योगिक संभावनाओं, निवेश प्रोत्साहन और नए उद्योग स्थापित करने के अवसरों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान रूंगटा बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर के डीन अनुराम शर्मा ने इन्क्यूबेशन सेंटर की उपलब्धियों और सफल स्टार्टअप्स की कहानियां साझा कीं। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने स्टार्टअप पंजीयन, सरकारी योजनाओं और इन्क्यूबेशन से जुड़े प्रश्न पूछे।

## दंत स्वास्थ्य के महत्व, आधुनिक चिकित्सा और समाज में डेंटिस्ट की भूमिका पर हुई चर्चा



**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई शाखा द्वारा नेशनल डेंटिस्ट डे का आयोजन होटल ग्रैंड ढिल्लन नेहरू नगर में किया गया। इस अवसर पर दंत स्वास्थ्य के महत्व, आधुनिक दंत चिकित्सा और समाज में डेंटिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन डॉ. डब्लू लुई ने की। शाखा की प्रेसिडेंट डॉ. दीप्ति राठौर ने अपने संबोधन में दंत चिकित्सकों की समाज के प्रति जिम्मेदारी, ओरल हेल्थ अवेयरनेस तथा प्रोफेशनल एथिक्स के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आयोजन में कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर डॉ. स्मिता श्रीवास्तव और शाखा की सेक्रेटरी डॉ. सायली कुरैशी ने कार्यक्रम के संचालन और समन्वय को सुचारु रूप से संपन्न कराया तथा सभी अतिथियों, सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में उपस्थित सभी जूनियर और सीनियर दंत चिकित्सकों ने दंत स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और समाज को बेहतर ओरल हेल्थ सेवाएं प्रदान करने के संकल्प को दोहराया।

## इंदिरा गांधी नेशनल ओपन युनिवर्सिटी इग्नू का कार्यक्रम

# भगवत गीता व ज्योतिष में एमए पाठ्यक्रम इग्नू में शामिल रोजगारन्मुखी कार्यक्रम में 200 विद्यार्थी को दी जानकारी

कार्नर न्यूज




दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में स्थित रवीन्द्रनाथ टैगोर सभागार में इंदिरा गांधी नेशनल ओपन युनिवर्सिटी इग्नू का जागरूकता एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया। दुर्ग इग्नू अध्ययन केन्द्र के मुख्य समन्वयक डॉ. अभिनेष सुराना ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रायपुर स्थित इग्नू रीजनल सेंटर के रीजनल डायरेक्टर राजेन्दर गौड़ा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने की। अपने संबोधन में रीजनल डायरेक्टर राजेन्दर गौड़ा ने बताया कि इग्नू की पूरे विश्व में 30 से अधिक देशों में सेन्टर संचालित है तथा लाखों की संख्या में विद्यार्थी अध्ययनरत है।



### नियमित अध्ययन के साथ दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम में भी लें प्रवेश

इग्नू के उच्च स्तरीय पाठ्य सामाग्री, सरल प्रवेश नीति, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क में पूर्णतः छूट, वर्षभर में दो सत्र जनवरी तथा जुलाई माह में प्रवेश तथा दो सत्रों में दिसंबर एवं जून में सत्रांत परीक्षा आदि पर जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया गया कि वे नियमित अध्ययन के साथ-साथ एक दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम में भी प्रवेश लें। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि च्वाईस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम इग्नू में पहले से लागू है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत इग्नू में किए गए सर्टिफिकेट, डिप्लोमा अथवा ड़िग्री के दौरान प्राप्त क्रेडिट का यूजीसी के पाठ्यक्रमों की तरह क्रेडिट ट्रांसफर हो सकता है।

### पौधा भेंटकर किया सम्मान

सरस्वती पूजन के साथ आरंभ हुए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का संचालन इग्नू अध्ययन केन्द्र के सहायक समन्वयक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सहायक समन्वयक डॉ. जीएस ठाकुर ने किया। अतिथियों का पौधा भेंटकर सम्मान करने वालों में प्राचार्य, डॉ. अजय कुमार सिंह, मुख्य समन्वयक डॉ. अभिनेष सुराना, सहायक समन्वयक डॉ. जी.एस. ठाकुर, डॉ. एस.डी. देशमुख, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी शामिल थे।

### पाठ्यक्रमों की दी जानकारी

अपने संबोधन में इग्नू अध्ययन केन्द्र के मुख्य समन्वयक डॉ. अभिनेष सुराना ने साईंस कालेज अध्ययन केन्द्र में चल रहे पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। डॉ. सुराना ने बताया कि पीजीडीआरडी तथा एमबीए एवं एमए भगवत गीता, एमए ज्योतिष आदि पाठ्यक्रम इग्नू में सफलतापूर्वक संचालित हो रहे है। इस अवसर पर प्रश्न पूछने वालों में विद्यार्थियों के अलावा डॉ. एसडी देशमुख तथा डॉ. शकील हुसैन शामिल थे। कार्यक्रम में उपस्थित प्राध्यापकों में डॉ. अजय पिल्लई, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. तरलोचन कौर, डॉ. के. पद्मावती, डॉ. कल्पना अग्रवाल, डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी, डॉ. ज्योति धारकर, डॉ. अनुपमा कश्यप, डॉ. उपमा श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में अतिथि प्राध्यापक भी उपस्थित थे।

समाज लाइव

## 54 महिलाओं ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लिया लाभ





**भिलाई।** महिलाओं के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन नवजीवन हॉस्पिटल में किया गया। जिसमें वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ संगीता पात्रे द्वारा निःशुल्क परामर्श व इलाज किया गया। 54 महिलाओं ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ लिया। इनमें से 6 महिलाओं में गंभीर बीमारियां पाई गई। इन महिलाओं की जांच में पता चला कि इनके गर्भाशय में कैंसर व बच्चेदानी गांठ कि गंभीर समस्या है। शिविर में दो गर्भवती महिलाओं की भी जांच किया गया। जिनकी प्रसूती हॉस्पिटल में होने पर निःशुल्क की जाएगी। शिविर की दूसरी चिकित्सक रंजीता के द्वारा एक प्रकार के अन्य बिमारियों के संबंध में परामर्श व इलाज किया गया। शिविर में आए मरीजों की निःशुल्क सोनोग्राफी एक्स रे, ईसीजी और रक्तजांच कि सुविधा प्रदान कि गई। शिविर में थायराइड, पीसीओडी, होमनिल समर, बांझपन से संबंन्धित समस्याओं का समाधान किया गया। विश्व महिला दिवस के अवसर पर आयोजित शिविर में डॉ आरके तिवारी, डॉ. कृष्णा कुमार, अस्पताल से नर्सिंग स्टाफ अकांक्षा कुर्रे, आरती मेश्राम, पायल, सकुन्दना, निकिता, रेश्मी वर्मा ने अपना विशेष सहयोग दिया। इस दौरान संस्था के डॉयरेक्टर डॉ अहमद द्वारा चिकित्सा शिविर आयोजित करने एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के साथ आने वाले समय में जनहित के लिए निशुल्क सेवा करने की बातें कही। हॉस्पिटल में सभी प्रकार के टीपीए एन्श्योरेंश और आयुष्मान कार्ड द्वारा जनरल सर्जरी, जनरल मेडिसिन क्रिटिकल केयर और प्रसूती एवं स्त्री रोग, हड्डी रोग से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए छोटे-छोटे टारगेट बनाकर चलें, बढ़ेगा आत्मविश्वास

# चाबी, बोतल व मोबाइल से छेड़खानी करने वाले की ठुड्डी, गला और पेट में करें जोरदार वार

**भिलाई।** महिलाओं और छात्राओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाकर किसी भी खतरनाक स्थिति या हमले से खुद को सुरक्षित रखने के लिए व्यवहारिक तकनीक सीखाने के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को मुसीबत में फंस जाने पर हाथ में चाबी, बोतल बैग, मोबाइल आदि कोई भी वस्तु द्वारा सामने वाले व्यक्ति पर उसकी ठुड्डी, गला या पेट में जोरदार वार कर उसे घायल कर अपनी रक्षा करने के व्यावहारिक गुर सिखाते हुए प्रशिक्षण दिया। स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिला दिवस पर आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम प्रभारी प्राध्यापक डॉ शैलजा पवार ने कहा कि महिलाओं, छात्राओं और प्रध्यापिकाओं के लिए कार्यशाला में आत्मविश्वास को बढ़ाने, मानसिक मजबूती बनाने, जागरूक रहने और व्यक्तिगत सुरक्षा को लेकर आत्मनिर्भर बनाने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यशाला की शुरुआत में बिंदु बंजारे, अनीता सिंह, दीपक साहू कांस्टेबल द्वारा आत्म अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराया और जानकारी देते हुए बताया कि इस ऐप के द्वारा इमरजेंसी में यदि फस जाते हैं तो इसमें एसओएस आपातकाल द्वारा ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं, इस शिकायत का स्टेटस क्या है ? वह भी पता कर सकते हैं । महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा इस अभिव्यक्ति एप को डाउनलोड किया गया।





### सक्सेस का कोई हार्ड या फास्ट रूल नहीं होता

इस अवसर पर दुर्ग डीएसपी डॉक्टर चित्रा वर्मा ने विद्यार्थियों को आत्म सुरक्षा से संबंधित अभिव्यक्ति एप की उपयोगिता के विषय में जानकारी दी, साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि सक्सेस का कोई हार्ड या फास्ट रूल नहीं होता। सेटिस्फाइड और मेंटली पीसफुल तथा हेल्दी रहे, आप अपने स्ट्रैंथ के अनुसार कैरियर बनाकर आगे बढ़े। आप अपने आप को इतना कैपेबल बनाएं कि आप किसी के सामने न झुके और गिड़गिड़ाएं नहीं। आप अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए छोटे-छोटे टारगेट बनाकर चलें जिससे आप में आत्मविश्वास बढ़ेगा और साथ-साथ आप परिवार को भी लेकर चलें क्योंकि परिवार से ही आपको प्रेरणा और हिम्मत मिलती है।



### बनें सशक्त

महाविद्यालय के निदेशक डॉ दीपक शर्मा और डॉ मोनिशा शर्मा ने कहा कि छात्राओं के लिए ऐसे आयोजन आत्मविश्वास में वृद्धि और अधिकारों के प्रति जागरूक करते है। प्राचार्य डॉ हंसा शुक्ला ने महिला प्रकोष्ठ द्वारा कार्यशाला के आयोजन को सार्थक बताते हुए कहा कि आज हमें महिलाओं एवं छात्रों को शारीरिक रूप एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना है, जिससे किसी आपातकालीन हिंसा या दुर्व्यवहार की स्थिति में वे स्वयं की रक्षा कर सके। यह कार्यशाला बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने, जोखिम को पहचानने और व्यावहारिक सुरक्षा तकनीक के सीखने पर आधारित है। महाविद्यालय के उपप्राचार्य डॉक्टर अजरा हुसैन ने कहा की छात्राओं को आवश्यक जीवन कौशल से सशक्त बनाना, जिससे उनमें आत्मविश्वास, आत्म अनुशासन और शारीरिक शक्ति का विकास होता है। कार्यशाला में मंच संचालन प्राध्यापक डॉ शैलजा पावर और आभार प्रदर्शन डॉ. जया तिवारी ने किया।

धर्म लाइव

## नर्मदेश्वर महादेव का हुआ विधि-विधान से पूजन



**भिलाई।** राजीव नगर छावनी भिलाई वार्ड नंबर 40 में श्री नर्मदेश्वर महादेव नव निर्माण मंदिर का पूजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि और क्षेत्र वार्ड वासियों काफी संख्या उपस्थित रहे सभी ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कार्य की शुरुआत की और क्षेत्र वार्ड वासियों ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका निगम भिलाई के जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, वार्ड नंबर 40 की पार्षद वीणा चंद्राकर, सुघर सिंह, किरण सिंह, प्रशांत सिंह, प्रभात सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, अमन पांडे, गगन, यश, आशुतोष पांडे, विनय वर्मा, रणजीत सिंह, वरुण कुमार, विजेंद्र कुमार, तुषार वर्मा, अभिषेक आर्य, राहुल राकेश, बंटी, राहुल सिंह, मोहम्मद शमशेर, बी अभिषेक, राजकुमार, कृष्णमूर्ति सहित सभी मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

जागरुकता

## महापौर ने नर्सिंग स्टाफ को हेलमेट भेंट कर दिया सुरक्षा का संदेश



**दुर्ग।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने जिला चिकित्सालय के नर्सिंग स्टाफ का सम्मान किया। महापौर ने अपने नगर निगम स्थित चेम्बर में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, जिला चिकित्सालय से जुड़े नर्सिंग स्टाफ को हेलमेट भेंट कर उनका सम्मान किया और सड़क सुरक्षा का संदेश भी दिया। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने कहा कि जिला अस्पताल की नर्सें दिन-रात मरीजों की सेवा में समर्पित रहती हैं। चाहे दिन हो या रात, हर परिस्थिति में नर्सिंग स्टाफ मरीजों की देखभाल करते हुए समाज के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उनका समर्पण और सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणादायक है। महापौर ने कहा कि महिला दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं बल्कि समाज में महिलाओं के योगदान को सम्मान देने का अवसर है। नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत कड़ी है और उनकी मेहनत से ही मरीजों को बेहतर उपचार मिल पाता है।

उन्होंने हेलमेट वितरण के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति भी जागरूक रहने का संदेश देते हुए कहा कि जीवन अनमोल है, इसलिए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना बहुत जरूरी है। इससे दुर्घटना की स्थिति में जान बचाई जा सकती है। इस अवसर पर एमआईसी शेखर चंद्रकार, सावित्री दमाहे, सविता साहू आदि मौजूद रहें। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला चिकित्सालय के नर्सिंग स्टाफ में प्रेमा पाल, मंजू राय, अजय नायक, सत्येन्द्र गुप्ता एवं पुष्पा बांधे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

साहू मित्र सभा का आयोजन

## नंगाड़े की थाप पर झूमा क्षेत्रीय साहू मित्र सभा, उड़े रंग-गुलाल



**भिलाई।** नेहरु नगर मॉडन टाऊन इकाई साहू मित्र सभा भिलाई नगर का महिला दिवस समारोह और होली मिलन समारोह हर्षोल्लास पूर्वक विनोबा नगर के आंगनबाड़ी प्रांगण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथि धनेश्वर निर्मलकर और समाज के सलाहकार डॉ दीनदयाल साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं के उत्थान के लिए संस्था के उपाध्यक्ष उर्मिला साहू और संयोजिका प्रेमलता साहू ने अपने विचार रखे। इसके बाद श्री निर्मलकर ने सामाजिक संगठन को मजबूत करने के लिए तरह के आयोजन करने पर जोर दिया। सलाहकार डॉ दीनदयाल साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस क्षेत्र की महिलाओं के साथ पुरुष वर्ग भी सामाजिक संगठन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं यही कारण है कि आज का उत्सव प्रमाण के रूप में हमारे सामने है। इस कार्यक्रम में नंगाडे की थाप पर फाग गीत का आनंद लिया गया। जिसमें महिला और पुरुष थिरकने लगे। कार्यक्रम में इकाई के सभी सदस्यों सहित अध्यक्ष लालजी साहू, उपाध्यक्ष संतराम साहू, उर्मिला साहू, संगठन सचिव शिवप्रकाश साहू, कुंजलता साहू, कोषाध्यक्ष सोमनाथ साहू, सचिव चन्द्रशेखर साहू, उपसचिव जितेन्द्र कुमार साहू सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिव कुमार साहू और आभार चन्द्रशेखर साहू ने किया।

समाज इवेंट

## स्वदेशी मेला प्रांगण में हुआ सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ



**भिलाई।** सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित स्वदेशी मेले के अंतर्गत मेला प्रांगण में सनातन परंपरा को निभाते हुए श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, व्यापारी और स्वदेशी विचार से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित रहे और भगवान हनुमान की आराधना में सहभागी बने। स्वदेशी जागरण फाउंडेशन इकाई व भारतीय विपणन विकास केंद्र सी बी डी एम द्वारा आयोजित स्वदेशी मेला के प्रबंधक सुब्रत चाकी, मेला संयोजक अजय भसीन ने बताया कि सनातन परंपरा में किसी भी शुभ कार्य के सफल आयोजन, बाधाओं की निवृत्ति तथा सकारात्मक ऊर्जा के संचार के लिए सुंदरकांड पाठ और हनुमान जी की आराधना का विशेष महत्व माना गया है। इसी उद्देश्य के साथ स्वदेशी मेले के आयोजन, देश की समृद्धि, स्वदेशी विचार के व्यापक प्रसार तथा समाज की सुख-शांति और कल्याण की कामना करते हुए यह धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे मेला प्रांगण में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण का सुंदर संचार देखने को मिला। आयोजन की जानकारी देते हुए शंकर सचदेव ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने प्रसाद ग्रहण किया। स्वदेशी मेला स्वागत समिति के अध्यक्ष दिनकर बासोतिया, सहायक प्रबंधक जी आर जगत, विपणन प्रबंधक जयेश पांचाल ने कहा कि स्वदेशी मेला केवल व्यापारिक गतिविधियों का मंच नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम भी है। सुंदरकांड व हनुमान पाठ में मुख्य रूप से सहसंयोजक भोजराज सिन्हा, सरोजनी पाणिग्रही, स्वागत समिति सचिव दिव्या भसीन मक्कड़, समन्वयक अजय तिवारी, कैट के कार्यकारीअध्यक्ष दर्शन ठकवानी, तुलसी साहू, बी एन आई चेप्टर हेड भूपेंद्र नेमा, जितेंद्र उप्पल, दर्शन खटवानी आदि मौजूद थे।

माहे रमजान में साथ-साथ चल रहा कामकाज के साथ इबादत

# रमजान के महीने में अपनी नौकरी के साथ रोजा रखकर इबादत में जुटे रोजदार, बरकत और रहमतों को पाने कर रहे कोशिश

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** शहर के नौकरी पेशा लोग भी माहे रमजान में रोजा रख रहे हैं। इस दौरान अपने कामकाज के साथ-साथ इबादत भी खूब कर रहे हैं। खासकर सरकारी नौकरियों के साथ रोजेदार माहे रमजान की तमाम जिम्मेदारी भी पूरी कर रहे हैं। शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 के बीईईटीओ सैय्यद असलम कहते हैं रोज़ा अल्लाह की बेहतरीन इबादत है इसको हर बालिग पुरुष और महिलाओं को रखना चाहिए। हदीस का मफहूम है कि सभी इबादतों का दरवाजा रोजा है। ड्युटी करते हुए रोज़ा रखते कार्य करने में कोई परेशानी नहीं होती है सहयोगी साथी भी कार्य में सहयोग करते हैं। सैय्यद असलम कहते हैं इस मुबारक महीने में अपने लिए, अपने घर वालों के लिए, खानदान वालों के लिए, पड़ोसी, दोस्त अहबाब, रिश्तेदारों और अपने मुल्क के लिए दुआ करें। खूब इबादत करें।




### नहीं होती कोई परेशानी:मिराज



भिलाई इस्पात संयंत्र कोक ओवन बैटरी-11 सीडीसीपी में चार्जमैन मिराज अकरम कहते हैं कि रमजान का मुबारक महीना इबादतों का महीना है। प्यारे नबी हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वस्सलम ने हमें जो तालीम दी है उसमें चलने पर कामयाबी है। अपने कार्यस्थल की गर्मी के बावजूद रोजा रखते हुए इस महीने की बरकत और रहमतों को पाने की कोशिश है। जनरल शिफ्ट रहती इसके बावजूद सभी कार्य करने में और रोजा रखकर तरावीह पढ़ने में कठिनाइयां नहीं होती है। यह महीना सब्र का है। हदीस में आता है जिसका सार है कि रोजा का बदला अल्लाह स्वयं देते हैं या स्वयं अपने को देते हैं।

### हिदायत का महीना है रमजान:नासिर



सुपेला संडे बाजार के कपड़ा व्यापारी नासिर कुरैशी कहते हैं कि रमजान महीने सभी लोगों के लिए खैरो बरकत और हिदायत लेकर आता है। रोज़ा रखने वाले को चाहिए कि उसके आदाब जो बताए गए हैं उनका अमल करें। रोजा रखकर हर बुराई से बचने की कोशिश करें और नेक काम ओर अल्लाह को राज़ी करने वाले कामों को करें और हुजूर की सुन्नतों को अपनी जिंदगी में लाने की भरसक प्रयास कोशिश करें ताकि दुनिया में साफ सुथरा सादगी और अमन और खुशहाली पाकीजा माहौल बने।

### बरकतों का महीना है रमजान : ऐमन



भिलाई इस्पात संयंत्र ऊरबंधन विभाग में सीनियर मैनेजर ऐमन अली कहते हैं कि माहे रमजान बड़ा बरकतो वाला महीना है। रोजा रखने से भूख प्यास की शिद्दत पता चलती हैं। गरीबी के चलते जिन्हें खाना मयस्सर नहीं होता, उनके प्रति सहानुभूति और करुणा जागृति होती है। रोजा संयम और धैर्य को पैदा कर जीवनशैली गुजारने की बेहतरीन अल्लाह की इबादत है। गरीब बेसहारा मिस्कीन यतीमों बेवा पर खर्च करने को प्रेरित करता है। जहां तक कार्यस्थल की बात है तो रोजे की हालत में भी अपने दायित्वों को बखूबी अंजाम देते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### 87वीं सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टेटे टीम तैयार



**रायपुर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संघ द्वारा इंदौर (मध्य प्रदेश) में यूटीटी 87वीं सीनियर राष्ट्रीय एवं अंतर राज्यीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2025 का आयोजन 14 से 21 मार्च तक किया जा रहा है। जिसके लिए छत्तीसगढ़ सीनियर (पुरूष एवं महिला) टीम की घोषणा पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ टेबल टेबल संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा ने की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, पदाधिकारी विनय बैसवाड़े, प्रेमराज जाचक, पी.एन. मजूमदार और प्रवीण निरापुरे सहित सभी पदाधिकारियो ने टीम को शुभकामनाए दी एवं अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जतायी। प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ टीम के स्पोर्ट्स किट के प्रायोजक स्टेग ग्लोबल है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य कि सीनियर (पुरुष एवं महिला) टीम 12 मार्च को रवाना हो रही है। टीम के कोच उमेश गोस्वामी (दुर्ग) एवं मैनेजर काजल (दुर्ग) है। छत्तीसगढ़ से प्रतियोगिता में अंपायरिंग के लिए राष्ट्रीय अंपायर लाभांशु यदु (गरियाबंद) को चुना गया है। छत्तीसगढ़ टीम में सीनियर पुरुष में अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर), विशाल डेकाटे (रायपुर), एम. रविराज - कप्तान (रायपुर), राजीव साहू (रायपुर), अरिंदम देबनाथ (रायपुर), सीनियर महिला - सुष्मिता सोम - कप्तान (बिलासपुर), लावण्या पांडे (रायपुर), अक्षिता बीनू (बिलासपुर), अदिति खूंटिया (बिलासपुर) और प्रज्ञा पाठक (दुर्ग) शामिल हैं।

### सीनियर वुमेंस इंटर जोनल मल्टी डे ट्रॉफी में खेलेंगे कृति और महक





**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा पुडुच्चेरी में सीनियर वुमेंस इंटर जोनल मल्टी डे ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 20 मार्च से किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में नार्थ जोन, साउथ जोन, सेन्ट्रल जोन, नार्थ इस्ट जोन, वेस्ट जोन तथा ईस्ट जोन की टिमें हिस्सा ले रहीं है, जिनमें संपूर्ण भारत के चयनित खिलाडी हिस्सा लेंगें। बी सी सी आई द्वारा सेन्ट्रल जोन की टीम में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से 2 खिलाडीयों का चयन किया गया है। इनमें कृति गुप्ता और महक नरवसे शामिल हैं। उक्त खिलाडी प्रतियोगिता में सेन्ट्रल जोन का प्रतिनिधित्व करेंगें। सेन्ट्रल जोन के मैच 20 - 22 मार्च को वेस्ट जोन के विरुद्ध होंगे। प्रतियोगिता के सेमी फाइनल मैच 26-28 मार्च को खेले जायेगें तथा फायनल मैच 01-03 अप्रैल को होंगे।

### छत्तीसगढ़ की जीत में चांद का शतक और साक्षी ने लिए 5 विकेट





**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा वुमेंस अंडर 23 वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2026-26 का आयोजन 3 मार्च से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा मैच बुधवार को जयपुर में जम्मू एवं कश्मीर अंडर 23 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़.अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़.ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 5 विकेट खोकर 291 रन बनाये। छत्तीसगढ़.की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाज चांद चेलक ने शानदार शतक लगाते हुए सर्वाधिक 105 रन बनाये। उनके अतिरिक्त यति शर्मा ने 50 रन, अंशी अग्रवाल ने 43 नाबाद रन तथा मिताली शर्मा ने नाबाद 27 रनों का योगदान दिया। जम्मू एवं कश्मीर अंडर 23 टीम की ओर से माहीका सिंह राना तथा अनन्या शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। 292 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी जम्मू एवं कश्मीर अंडर-23 की टीम 35.4 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 127 रन ही बना पायी। जम्मु एवं कश्मीर की ओर से कप्तान बवनदीप कौर ने 57 रन, सानिया स्लेथीया ने 19 रन तथा श्वेता राना ने 12 रन बनाये। छत्तीसगढ़.की ओर से साक्षी शुक्ला ने 5 विकेट तथा राधिका नेताम ने 2 विकेट प्राप्त किए। छत्तीसगढ़.ने मैच 164 रनों से जीत लिया।

### महिलाएं जूझ रहीं स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से

# खराब लाइफस्टाल बनती जा रही है महिलाओं की सेहत का दुश्मन, शिकार बनने से पहले ही हो जाएं सतर्क

स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से देखें तो आज का समय महिलाओं के लिए भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण है। विशेषज्ञ बताते हैं, महिलाएं कई गंभीर बीमारियों की चपेट में जल्दी आ जाती हैं। कई बीमारियां ऐसी भी होती हैं जो पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक देखने को मिलती हैं। यही कारण है डॉक्टर कम उम्र से ही सभी महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर सावधान रहने की सलाह देते हैं।

दुनियाभर में जिस तरह से क्रॉनिक बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है, इसके चलते स्वास्थ्य सेवाओं पर भी अतिरिक्त दबाव बढ़ा है। स्वस्थ जीवन जीने की चाहत हर किसी की होती है, लेकिन गड़बड़ जीवनशैली, तनाव, खानपान की आदतों और हार्मोनल बदलाव कम उम्र में ही कई प्रकार की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, महिलाएं कई गंभीर बीमारियों की चपेट में जल्दी आ जाती हैं, कई बीमारियां ऐसी भी होती हैं जो पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक देखने को मिलती हैं। यही कारण है डॉक्टर कम उम्र से ही सभी महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर सावधान रहने की सलाह देते हैं।



महिलाओं के स्वास्थ्य देखभाल में लैंगिक असमानताओं को दूर करने, समग्र कल्याण को बढ़ावा देने, बीमारियों से बचाव को लेकर सावधान और जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 28 मई को अंतरराष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। लेकिन महिला स्वास्थ्य एक ऐसा विषय है, जिस पर हमेशा चिंतन की जरूरत है।

## आर्थराइटिस की समस्या



स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, वैसे तो बीमारियां किसी को भी और किसी भी उम्र में हो सकती हैं, हालांकि 50 की उम्र के बाद महिलाओं की सेहत कई प्रकार से प्रभावित होने लग जाती है। इसके पीछे कई जैविक, हार्मोनल और जीवनशैली संबंधी कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। यही वजह है कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं में हृदय रोग, डायबिटीज, आर्थराइटिस, सांस की समस्या और एनीमिया के मामले काफी ज्यादा देखे जाते हैं। शारीरिक गतिविधि की कमी, वजन बढ़ना और अनुचित खानपान के कारण भी आपमें गठिया का जोखिम अधिक हो सकता है।

## महिलाओं में थायरॉइड का जोखिम

अमेरिकन थायरॉइड एसोसिएशन के अनुसार, दुनियाभर में 200 मिलियन (20 करोड़) से अधिक लोग इस विकार का शिकार हैं। थायरॉइड विकार बच्चों से लेकर बुजुर्गों, महिला-पुरुष किसी को भी हो सकता है। हालांकि आंकड़ों से पता चलता है कि महिलाओं को पुरुषों की तुलना में थायरॉइड की समस्याओं का अधिक जोखिम होता है।

पुरुषों की तुलना में महिलाओं में थायरॉइड विकार की आशंका 8 से 10 गुना अधिक होती है। महिलाओं में हार्मोनल असंतुलन (जैसे प्रेग्नेंसी, पीरियड्स, मेनोपॉज



आदि) उन्हें इस विकार के प्रति अधिक संवेदनशील बना देते हैं।

## हृदय रोगों के बढ़ते मामले

हृदय रोग का खतरा भी दुनियाभर में बड़ी संख्या में महिलाओं को प्रभावित करता है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) की रिपोर्ट के मुताबिक हर साल लाखों महिलाएं दिल की बीमारियों के कारण जान गंवाती हैं। महिलाओं में बढ़ते हृदय रोग के मामलों के लिए एस्ट्रोजन हार्मोन के असंतुलन को एक बड़ा कारण माना जाता है जिससे रक्त वाहिकाओं पर असर पड़ता है। तनाव और अवसाद की समस्या भी महिलाओं में अधिक देखी जाती है, जो हृदय रोग को बढ़ा सकती है। नियमित व्यायाम और ब्लड प्रेशर की जांच, संतुलित आहार के साथ धूम्रपान और शराब से दूरी बनाकर आप हृदय रोगों से बची रह सकती हैं।

# दही बड़ा सख्त हो गया? ऐसे बनाएं मुलायम और स्पंजी

दही बड़ा एक ऐसी डिश है जो त्योहारों, पार्टियों और खास मौकों पर जरूर बनाई जाती है। लेकिन कई बार सारी मेहनत के बाद भी बड़े दही में भिगोने के बाद सख्त रह जाते हैं। ऐसे में स्वाद भी खराब हो जाता है और मन भी। अगर आपके दही बड़े भी कड़े रह गए हैं, तो घबराइए नहीं। कुछ आसान किचन टिप्स से आप बने हुए दही बड़ों को भी सॉफ्ट बना सकते हैं और अगली बार परफेक्ट स्पंजी दही बड़े तैयार कर सकते हैं।



## दही बड़े सख्त क्यों हो जाते हैं?

उड़द दाल ठीक से फेंटी न गई हो बैटर में हवा न भरी गई हो तेल बहुत ठंडा या बहुत गरम हो बड़े तलने के बाद सही तरीके से पानी में न भिगोए गए हों

## दही बहुत गाढ़ा हो

**अगर दही बड़े सख्त रह जाएं तो क्या करें?**

गुनगुने पानी में दोबारा भिगोएं

अगर बड़े पहले से दही में डाल दिए हैं और सख्त लग रहे हैं, तो उन्हें दही से निकाल लें। हल्के गुनगुने नमकीन पानी में 10–15 मिनट भिगो दें। हल्के हाथ से दबाकर अतिरिक्त पानी निकालें। फिर फेंटे हुए दही में डालें। इससे बड़े अंदर तक नरम हो जाएंगे।दही को अच्छी तरह फेंटें।गाढ़ा दही बड़े को सॉफ्ट नहीं होने देता। दही में थोड़ा दूध या पानी मिलाकर अच्छी तरह फेंट लें।थोड़ा चीनी और नमक डालकर बैलेंस स्वाद बनाएं। फिर बड़े डालें। स्मूद दही बड़े को जल्दी नरम करता है।

## हल्की भाप दें

अगर बड़े बहुत ज्यादा सख्त हैं, उन्हें 2-3 मिनट स्टीमर में हल्की भाप दें। फिर गुनगुने पानी में डालें। बाद में दही में मिलाएं।यह तरीका पुराने या फ्रिज में रखे बड़ों को भी मुलायम बना देता है।

## दाल अच्छी तरह फेंटें

उड़द दाल पीसने के बाद कम से कम 8–10 मिनट तक फेंटें। जब बैटर हल्का और फूला हुआ लगे, तभी तलें। थोड़ा बैटर पानी में डालें। अगर ऊपर तैरता है, तो समझिए हवा भर चुकी है। तेल मध्यम गरम होना चाहिए। बहुत गरम तेल बड़े को बाहर से सख्त और अंदर से कच्चा बना सकता है।

## तलते ही पानी में डालें

गरम-गरम बड़े तुरंत गुनगुने पानी में 15 मिनट के लिए डालें। दही बड़े पर भुना जीरा पाउडर, लाल मिर्च, इमली की चटनी और हरी चटनी डालें। इससे स्वाद और भी बढ़ जाएगा।

# रात में भिगो रहे हैं ओटमील तो न करें ये गलतियां



ओटमील वजन कम करने करने किसी बढ़िया सुपरफूड से कम नहीं है। इसे अक्सर रात को भिगोकर सुबह फ्रूट्स के मिलाकर खाया जाता है। इसे और भी हेल्दी बनाने के लिए लोग तरह-तरह के ड्राई फ्रूट्स में इसमें डालते हैं।

ओवरनाइट ओट्स बनाने में सबसे जरूरी बात सही रेशियो में दूध और ओट्स मिलाना होता है। अगर दूध ज्यादा होगा, तो ओटमील बहुत पतला और पानी जैसा हो जाएगा। वहीं, अगर दूध कम होगा, तो ओट्स पूरी तरह भीग नहीं पाएंगे और वे सूखे लगेंगे। सही संतुलन बनाए रखने के लिए 1:1 का रेशियो सही रहता है, यानी जितना ओट्स लें, उतना ही दूध मिलाएं। अगर आपको क्रीमी टेक्सचर पसंद है, तो इसमें ग्रीक योगर्ट या चिया सीड्स भी मिला सकते हैं।

स्वीटनर जैसे चीनी, शहद, गुड़ या मेपल सिरप डालने से ओट्स का स्वाद बेहतर हो सकता है, लेकिन अगर आप ज्यादा मात्रा में स्वीटनर डालते हैं, तो यह सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। साथ ही, ज्यादा मीठे ओट्स खाने में भी अच्छे नहीं लगते। फिर फ्रूट्स मिलाने से भी यह ज्यादा मिठास आ सकती है। इसका बेहतर विकल्प यह है कि आप फ्रूट्स, ड्राई फ्रूट्स या दालचीनी जैसी प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल करें, जिससे मिठास भी मिले और पोषण भी बना रहे।

ओट्स कई प्रकार के होते हैं- स्टील कट ओट्स, रोल्ड ओट्स और इंस्टेंट ओट्स। ओवरनाइट ओट्स के लिए रोल्ड ओट्स सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि वे दूध को अच्छी तरह सोख लेते हैं और सुबह तक क्रीमी और सॉफ्ट हो जाते हैं।




# सोकर उठने के बाद कंधों में होता है तेज दर्द, इन एक्सरसाइज की लें मदद

कई बार हम सुबह उठते हैं और हमारे कंधे में इस कदर अकड़न हो जाती है कि हाथ हिलाना डुलाना भी मुश्किल हो जाता है,दरअसल जब हम सोते हैं तो हमें यह मालूम में नहीं चलता है कि हम किस पोजीशन में सो रहे हैं। खराब पोजीशन के कारण सुबह के समय दर्द होने लगता है। ज्यादातर लोग को यह समझ नहीं आता है कि उन्हें दर्द क्यों हो रहा है। कामकाज प्रभावित न हो इसके लिए लोग ओवर द काउंटर दवा ले लेते हैं, लेकिन पेन किलर खाने से आपको नुकसान भी हो जा सकता है। अगर आपको भी सुबह उठने के साथ कंधे में स्टिफनेस महसूस हो तो आप कुछ एक्सरसाइज का अभ्यास कर सकते हैं।

## कंधों के दर्द को दूर करते हैं ये एक्सरसाइज

### पेंडुलम एक्सरसाइज

कंधों की अकड़न को दूर करने के लिए आप पेंडुलम एक्सरसाइज कर सकते हैं। इसके लिए आप कमर के पास से झुक जाएं और हाथों को बिल्कुल रिलैक्स छोड़ दें और शरीर



से दूर लटकने दें। इसे क्लॉक वाइज और एंटी क्लॉक वाइज धीरे-धीरे घुमाएं। ऐसा काम से कम 2 से 4 मिनट तक करें। इससे कंधों में लचीलापन आएगा और अकड़न से राहत मिलेगी।

### वॉल स्लाइड

कंधों की अकड़न दूर करने के लिए आप बहुत ही आसान सा एक्सरसाइज वॉल स्लाइड कर सकते हैं। इसके लिए आपको दीवार की तरफ मुंह करके दोनों हथेलियां को दीवार से सटाना होता है और हाथों को ऊपर ले जाना होता है।इस तरह से हाथों को 15 से 20 सेकंड तक स्ट्रेच करें, रोजाना इसे करने से आपको फायदा होगा। (खरगोश आसन करने के फायदे)

### शोल्डर रोल

शोल्डर रोल एक्सरसाइज के जरिए भी आप आराम पा सकते हैं। इसके लिए आप सबसे पहले जमीन पर खड़े हो जाएं और अपने पैरों को एक दूसरे से थोड़ा अलग कर लें अपने दोनों हाथों को अपने कंधे पर रखें, सांस अंदर लें और अपने कंधों और हाथों को गोल आकार में घुमाएं। इस दौरान आपकी पीठ पूरी तरह से सीधी रहेगी। इस एक्सरसाइज को कम से कम 15 से 20 बार करें। इससे आपको आराम मिलेगा।



## कार्नर न्यूज

### बीएसपी टेनिस बॉल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट जारी

# सुपर चैलेंजर, सीजी 11, रॉयल, भिलाई ब्वायज और लीजेंड टीम ने जीते अपने-अपने मैच

**भिलाई।** भिलाई मजदूर संघ एवं बीपीएल कमेटी की ओर से बीएसपी टेनिस बॉल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले हो रहे हैं।बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में बुधवार को हुए मैच में सुपर चैलेंजर विरुद्ध संडे 11 के मैच में सुपर चैलेंजर ने 6 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच सुकांता रहे। दूसरा मैच सीजी 11 एवं लीजेंड 11 के मध्य खेला गया। जिसमें सीजी 11 ने 7 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच एम अशोक रहे। तीसरा मैच रॉयल स्ट्राइकर विरुद्ध भिलाई बॉयज था। जिसमें रॉयल्स स्ट्राइकर ने 20 रन से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच उदय मीणा रहे।

चौथा मैच सीजी टाइगर्स विरुद्ध लीजेंड 11 था। जिसमें लीजेंड 11 ने 8 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच राहुल थोटे रहे। पांचवा मैच भिलाई बॉयज एवं भिलाई वॉरियर्स के मध्य खेला गया। जिसमें भिलाई बॉयस ने 9 विकेट से जीत हासिल की। प्लेयर ऑफ द मैच विनय रहे। मैच के अंपायर वीरेंद्र आकाश, महेश, संदीप, मोहन, संजय, शिव, उसाकर चौधरी, मुकेश, हरि यादव, स्कोरर विनोद देवघरे ,मिथुन, महेंद्र कृष्णमूर्ति, कुलदीप मीणा एवं भीमराज मीणा, कमेंट्रेटर गौरव, दिलीप, महेश साहू, अजय तमोरिया, अभय एवं अविनाश वेगी रहे। यह प्रतियोगिता 108 लाइव पर दिखाई जा रही है कैमरामैन एन भरत है।





## जयंत और रंजय की जोड़ी ने किया एसपीएसबी इंटर स्टील चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा

**भिलाई।** एसपीएसबी इंटर स्टील टेनिस टूर्नामेंट में बुधवार को शानदार मुकाबले हुए। अंतरराष्ट्रीय टेनिस स्टेडियम में लीग मैचों पहले सेमीफाइनल मैच में आरआई एन एल के विरुद्ध टाटा ने फाइनल में प्रवेश किया।पहले सिंगल्स मैच में टाटा के जयंत ने आर आई एन एल कहर को 8-0 से हराया। दूसरे सिंगल्स मैच में आर आई एन एल के अविनाश ने टाटा के भानु को 8-2 से हराया। टाटा और रियल के बीच खेले गए डबल्स मैच में टाटा ने आर आई एन एल को 8-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में वीआईएसल ने आईएसपी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में बीएसएल के अरविंद ने आईएसपी के सिद्धार्थ को 8-2 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में वीआईएसएल के सीतारमण ने आईएसपी के मनीष को 8-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आज टाटा और वीआईएसल के मध्य फाइनल मैच खेला गया। जिसमें पहले सिंगल्स में टाटा के जयंत ने वीआई एस एल के अरविंद को 8-4 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में वी आई एस एल के सीतारमन ने टाटा के भानु को 8-2 से हराया। टाटा के जयंत और रंजय की जोड़ी ने वीआई एस एल के अरविंद और सीतारमण की जोड़ी को 8-6 से हराकर एसपीएसबी इंटर स्टील चैंपियनशिप की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जेम्स बॉन्ड के आईकॉनिक थीम म्यूजिक का भारत से है कनेक्शन



हममें से कई लोगों ने जेम्स बॉन्ड की फिल्में देखी हैं और वो मशहूर थीम ट्यून भी सुनी है जो बॉन्ड को दर्शकों से मिलवाती है। यह धुन सस्पेंस और डर से भरी है। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि इस यादगार धुन की शुरुआत भारतीय संस्कृति से जुड़ी एक काल्पनिक कहानी से हुई थी। जिस आदमी ने सबसे पहले यह धुन लिखी थी, वह मोंटी नॉर्मन नाम के एक ब्रिटिश कंपोजर, म्यूजिशियन और सिंगर थे। उन्होंने डॉ. नो नाम की पहली बॉन्ड फिल्म के लिए धुन लिखी थी और उसके बाद इसे, कभी-कभी थोड़े बदलाव के साथ, हर जेम्स बॉन्ड फिल्म में इस्तेमाल किया गया। मोंटी नॉर्मन ने कहा है कि जेम्स बॉन्ड की धुन 'गुड साइन, बैड साइन' से प्रेरित थी, यह एक गाना था जिसे उन्होंने खुद वी.एस. नायपॉल के नॉवेल ए हाउस फॉर मिस्टर बिस्वास के म्यूजिकल स्टेज अडैप्टेशन के लिए बनाया था। यह नॉवेल त्रिनिदाद में इंडियन कम्युनिटी के बीच सेट था। शॉर्ट में, कहानी मोहन बिस्वास नाम के एक आदमी के बारे में थी, जो त्रिनिदाद में रहने वाला एक इंडियन है, जिसकी शादी एक अमीर परिवार में हुई है, लेकिन आखिर में उसके ससुराल वाले उस पर हावी हो जाते हैं। जब मोंटी नॉर्मन से नॉवेल के स्टेज शो के लिए एक गाना बनाने के लिए कहा गया, तो कंपोजर ने इंडियन थीम और माहौल पर ज्यादा भरोसा करने का फैसला किया। क्योंकि कहानी त्रिनिदाद में बसे इंडियन कम्युनिटी के बारे में थी, इसलिए उन्होंने सितार और तबले के साथ बहुत ज्यादा इंडियन असर और साउंड वाली धुन बनाई। गाने का टाइटल था गुड साइन, बैड साइन।

### टॉलीवुड

## सूर्या की नई फिल्म का पोस्टर आया सामने, कूल लुक में नजर आए एक्टर



एक्टर सूर्या की नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया है। पहले इस फिल्म को 'सूर्या 46' के नाम से जाना जा रहा था, लेकिन अब मेकर्स ने इसके आधिकारिक नाम और रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है। तमिल सुपरस्टार सूर्या की नई फिल्म 'विश्वनाथ एंड संस' का टाइटल और पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पहले इस फिल्म को 'सूर्या 46' के नाम से जाना जा रहा था, लेकिन अब मेकर्स ने इसका आधिकारिक नाम अनाउंस कर दिया है। सामने आए पोस्टर में सूर्या एक छोटे बच्चे को गोद में लिए नजर आ रहे हैं। उनके चेहरे पर हल्की मुस्कान है, जो पोस्टर को बेहद भावुक और दिल को छू लेने वाला बना देती है। इस लुक को देखकर फैंस काफी उत्साहित हो गए हैं और सोशल मीडिया पर जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन वेंकी एटलुरी कर रहे हैं, जो पहले भी भावनात्मक और पारिवारिक कहानियों के लिए जाने जाते हैं। फिल्म को एक फैमिली एंटरटेनर बताया जा रहा है, जिसमें इमोशन और ड्रामा दोनों का तड़का होगा। फिल्म में अभिनेत्री ममिता बैजू भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। कहा जा रहा है कि रवीना टंडन भी फिल्म में एक अहम रोल में नजर आएंगी। वहीं, फिल्म का म्यूजिक जी. वी. प्रकाश कुमार दे रहे हैं। मेकर्स ने यह भी घोषणा की है कि यह फिल्म जुलाई 2026 में रिलीज होगी। कुल मिलाकर, पोस्टर से साफ है कि इस बार सूर्या एक अलग और दिल को छू लेने वाली कहानी लेकर आ रहे हैं, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## 'कुश्ती' का ट्रेलर देख लोग बोले- ये तो आमिर की 'दंगल' है



अंजना सिंह की अपकमिंग फिल्म 'कुश्ती' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है जिसमें उनके बचपन का किरदार उनकी अपनी बेटी ही निभा रही हैं। अंजना सिंह की इस फिल्म के ट्रेलर को लोग काफी पसंद कर रहे हैं और काफी लोग इसकी तुलना साल 2016 में आई आमिर खान की 'दंगल' से कर रहे हैं। दिलचस्प बात ये है कि फिल्म में एक्ट्रेस अंजना सिंह की बेटी भी नजर आ रही हैं, जिसे देख फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। लोग अंजना सिंह की इस फिल्म की तुलना आमिर खान की 'दंगल' से कर रहे हैं। ट्रेलर में अंजना सिंह एक पहलवान के किरदार में नजर आ रही हैं, जो न केवल 'कुश्ती' के अखाड़े में धूम मचाती है, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक चुनौतियों से भी टक्कर लेती दिख रही हैं। फिल्म में अंजना के बचपन का किरदार उनकी बेटी निभा रही हैं। अंजना ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म 'कुश्ती' का पोस्टर शेयर किया, जिसमें वे और उनकी बेटी अखाड़े में पहलवान की तरह आक्रोश में नजर आ रही हैं। पोस्टर शेयर कर उन्होंने इसे कैप्शन दिया, 'फिल्म कुश्ती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सभी दर्शक यूट्यूब चैनल पर जाकर देखें और प्यार दें।' 4 मिनट 8 सेकंड के ट्रेलर में कॉमेडी, एक्शन, ड्रामा और सामाजिक सीख देखने को मिलती है। फिल्म की कहानी कुछ बॉलीवुड की फिल्म दंगल से प्रेरित दिखती है, लेकिन इसे भोजपुरी ट्विस्ट के साथ अनोखे अंदाज में पेश किया गया है। इसकी शुरुआत में अंजना के किरदार के बचपन से होती है, जहां उनके पिता एक मशहूर पहलवान होते हैं, लेकिन कुछ कारणों की वजह से वे मैच खेल नहीं सकते।

### फ्यूजन का रंग

मशहूर क्रिएटिव डिजाइनर चोपोवा लोवेना ने लोककथाओं और स्पोर्ट्सवियर को टिकाउपन के साथ फ्यूजन के तौर पर पर पेश किया है। डिजाइन के लिए उनकी पहुंच पारंपरिक टेक्सटाइल, क्राफ्ट और टेक्नीक की तारीफ और मॉडर्नाइजेशन से तय होती है। जहां बुल्गारियाई लोककथाओं से लेकर 1980 के दशक की रॉक क्लाइंबिंग तक के रेफरेंस को आसानी से देखा जा सकता है। यहां तालमेल वाले और अलग पीस बनाकर इन अलग-अलग लगने वाले रेफरेंस का सम्मान करने की कोशिश नजर आती है।

लाइफ स्टाइल



## बढ़ती उम्र में दिखना है हैंडसम तो ऐसे हों तैयार

अक्सर लोगों को ऐसा कहते सुना जाता है कि, जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे शारीरिक स्मार्टनेस खत्म होने लगती है पर, ऐसा कौन ही होगा जो ये चाहता हो कि वो स्मार्ट और हैंडसम ना दिखे। हर कोई अपनी तारीफ सुनना चाहता है, चाहे उसकी उम्र कितनी भी हो जाए। कई बार ऐसा होता है कि ड्रेसिंग सेंस की वजह से या तो आप अपनी उम्र से ज्यादा दिखने लगते हैं या फिर और कम। जिस वजह के कई बार लोग हंसी का पात्र बन जाते हैं। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप 40 के बाद भी हैंडसम दिखेंगे। इन टिप्स को फॉलो करके आत्मविश्वास वापस आ जाएगा।

### ना पहनें शॉर्ट्स

40 की उम्र के बाद अगर आप ग्रेसफुल दिखना चाहते हैं तो गलती से भी शॉर्ट्स ना पहनें। कार्गो पैंट और शॉर्ट्स पहनने में भले ही आप कंफर्टेबल हों लेकिन ये आपको बचकाना दिखा सकते हैं।

### सफेट टीशर्ट को कहें टा-टा

कभी भी 40 की उम्र के बाद सफेद टी शर्ट पहन कर बाहर ना जाएं। अगर आपको व्हाइट टी शर्ट पसंद है तो हमेशा कॉलर वाली ही पहनें। इस पर प्रेस का खास ध्यान रखें।

### ना पहनें ढीले कपड़े

अगर आप ढीले-ढाले कपड़े पहन कर बाहर जाएंगे तो इससे आपकी पर्सनैलिटी पर असर दिखेगा। इसलिए हमेशा फिटिंग के कपड़े पहनें।



### डेनिम जैकेट को कहें ना

डेनिम जैकेट को ना कहना सीख लें। इससे आपके लुक में ग्रेस कम हो जाएगा। अगर आपको जींस पहनने का काफी शौक है तो उसके रंग का खास ध्यान रखें। हमेशा क्लासी रंग वाला या डार्क कलर जींस ही ट्राई करें। प्रिंटेड, डैमेज और फेडेड जींस पहनने से दूरी बनाएं। रोजाना सुबह-शाम फेस वॉश करें और मॉइस्चराइजर का उपयोग करें। धूप में निकलने से पहले सनस्क्रीन (SPF 30+) जरूर लगाएं, यह झुर्रियों को कम करने में मदद करता है।


## दुल्हन के लिए परफेक्ट कलीरे डिजाइन, चुनिए अपनी पसंद





शादी का सीजन आते ही लोग अपनी तैयारियां पहले से ही करना शुरू कर देते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि शादी में कई सारी रस्में होती हैं जिनके लिए अलग-अलग चीजों की जरूरत होती है। इसके लिए कुछ लोग कपड़ों की शॉपिंग में लगे होते हैं तो कुछ रिश्तेदारों को और रस्मों में लगने वाली चीजों की शॉपिंग करते हैं। वहीं दुल्हन अपने लिए लहंगा, चूड़ा, ज्वेलरी और कलीरों की शॉपिंग करती है। शादी में उसके लुक के लिए ये काफी जरूरी होता है। आजकल कलीरों के अलग-अलग डिजाइन मार्केट में मिलते हैं। आप भी इन्हें खरीदकर अपनी शादी में पहन सकती हैं।

### फ्लावर हार्ट शेप कलीरे



मार्केट में आपको कलीरे के कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें आप अपनी शादी में पहन सकती हैं। कई सारी लड़कियां होती हैं जो इसमें स्पेशली डिजाइन कराती हैं। आप चाहे तो ऐसा कर सकती हैं। वरना मार्केट से फ्लावर हार्ट शेप वाले कलीरे खरीदकर वियर कर सकती हैं। इसमें आपको थ्री लेयर में ये कलीरे डिजाइन मिलेंगे। इसमें पहले फूल की लेयर होगी। इसके बाद फूल और हार्ट शेप का डिजाइन मिलेगा। इस तरीके से थ्री लेयर होगी। आप चाहे तो इसमें फ्लावर के कलर को चेंज करा सकती हैं। इस तरीके के कलीरे की शुरुआत मार्केट में 2000 से होती है।

### पर्ल बैंगल्स कलीरे

आजकल पर्ल डिजाइन वाली ज्वेलरी काफी ट्रेंड में है। आप चाहे तो इस तरीके के कलीरे को स्टाइल कर सकती हैं। ये कलीरे आपक बैंगल्स के साथ अटैच मिलेंगे। इसमें ऊपर से लेकर नीचे तक पर्ल से डिजाइन बना होगा। इसके बीच में फ्लावर और घुंघरू लगे होंगे।

## यह एक फूल काले करेगा आपके बाल, लगाते ही दिखेगा कमाल

एक समय बाद आपके सिर में चांदी दिखने लगती है यानी आपके सफेद बालों की संख्या बढ़ने लगती है। गुड़हल के फूल में ऐसे कई गुण होते हैं, जो बालों और स्कैल्प को फायदा पहुंचाते हैं। इतना ही नहीं, यह सफेद बालों को काला करने में भी मदद करता है। चलिए आपको गुड़हल के फायदे के साथ ही इस नुस्खे को बनाने और लगाने का तरीका भी बताएं-

### गुड़हल के फूल के फायदे

गुड़हल के फूल कई फ्लेवोनॉइड्स, एमिनो एसिड्स और ऐसे कई न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होता है। यह स्कैल्प और बालों की जड़ों को पोषण देने का काम करता है। अगर आप इसे बालों पर लगाते हैं, तो यह ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है। इसके इस्तेमाल से बालों की जड़ें भी मजबूत होती हैं। इसके अलावा गुड़हल का फूल (गुड़हल के फूल के इस्तेमाल) निम्न तरीके से आपके बालों को फायदा पहुंचाता है।



### सफेद बालों को काला करने के लिए गुड़हल का मास्क

इसके लिए सबसे पहले गुड़हल के फूल को धूप में 1-2 दिन सुखा लें। जब पत्तियां सूख जाएं, तो उसे क्रश कर लें। अब एक कटोरे में दही, विटामिन-ई कैप्सूल, कॉफी पाउडर, एलोवेरा जेल और गुड़हल के फूल डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अपने बालों को कंघी करके दो भागों में डिवाइड कर लें। इसके बाद जड़ से लेकर एंड तक इसे अच्छी तरह से लगाएं। इसे लगाने के बाद गर्म पानी में तौलिया डुबोएं और अच्छी तरह से निचोड़कर उसे सिर पर लपेट लें।

## हाथों के ड्राइनेस को दूर करने के लिए घर पर बनाएं होममेड हैंड स्क्रब

चेहरे की ड्राईनेस को दूर करने के लिए हम कई तरह के नुस्खे ट्राई करते हैं। लेकिन हाथों की ड्राईनेस को दूर करना भूल जाते हैं। इसकी वजह से हमारे साथ खराब दिखने लगते हैं। इसके लिए आप इन घरेलू नुस्खों को ट्राई कर सकती हैं। इससे आपके हाथों की स्किन मॉइश्चराइज भी हो जाएगी। साथ ही हाथ मुलायम नजर आएंगे। इसके इंग्रीडिएंट्स आपको घर की रसोई में आराम से मिल जाएंगे।

### ऑलिव ऑयल एंड शुगर से बनाएं स्क्रब

ऑलिव ऑयल स्किन के लिए काफी लाभकारी होता है। इसमें मौजूद विटामिन ई स्किन को मॉइस्चराइज करने में मदद करता है। इसके अलावा डेड स्किन सेल्स को भी रिपेयर करता है। वहीं शुगर हाथों के रूखेपन को दूर करती है।

### ऑलिव ऑयल एंड शुगर स्क्रब इस्तेमाल करने का तरीका

इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी लें। अब इसमें 2 चम्मच चीनी और 1 चम्मच ऑलिव ऑयल डालें।



फिर इस मिश्रण को अच्छे से मिक्स करें। इसमें लैवेंडर ऑयल एड करें और थिक पेस्ट बना लें। अब इसे अपने हाथों पर लगाएं और अच्छे से रब करें।इसे 3 से 5 मिनट तक हाथों में लगा रहने दें। फिर हल्के गुनगुने पानी से हाथों को साफ कर लें। इससे आपकी स्किन की ड्राइनेस (ड्राइनेस की समस्या दूर करने के उपाय) दूर हो जाएगी।

### कोकोनट-कॉफी स्क्रब बनाएं

अगर आप स्किन की डीप क्लीनिंग करना चाहती हैं तो इसके लिए कॉफी और कोकोनट का इस्तेमाल कर सकती हैं। कॉफी में मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट्स स्किन की ड्राईनेस दूर करता है।

कार्नर न्यूज

### ना करें ये गलतियां वरना चेहरे पर दिखेगी बढ़ती हुई उम्र

## एक छोटी सी गलती खराब कर सकती है आपका लुक, मेकअप करते वक्त रहें सचेत

हर उम्र की महिला खूबसूरत दिखने के लिए मेकअप का इस्तेमाल करती हैं। चाहे शादी-विवाह हो या फिर कोई अन्य कार्यक्रम हो, महिलाएं हर मौके पर मेकअप करती हैं। आज के समय में तो महिलाएं घर से बाहर निकलते वक्त भी मेकअप का इस्तेमाल करती हैं। वैसे तो मेकअप की वजह से महिलाओं की खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं, पर मेकअप करते वक्त की गई छोटी सी गलती की वजह से आपका पूरा लुक खराब हो सकता है।

ऐसे में अगर आप खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो मेकअप करते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखें। ऐसा ना करने पर आपकी बढ़ती उम्र दिखाई देगी। दरअसल, कुछ ऐसी गलतियां होती हैं, जो होती तो काफी मामूली है, लेकिन उनकी वजह से पूरा मेकअप खराब हो सकता है। आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको मेकअप करते वक्त रखना चाहिए।

### फाउंडेशन का रखें ध्यान

बहुत सी महिलाएं फाउंडेशन का इस्तेमाल ज्यादा कर लेती हैं, उन्हें लगता है ज्यादा फाउंडेशन लगाने से मेकअप परफेक्ट होता है। जबकि ऐसा करने से स्किन बहुत सफेद नजर आने लगती है और कुछ ही देर में चेहरे पर क्रेक दिखाई देने लगते हैं। इससे चेहरे पर झुर्रियां दिखाई देती हैं। ऐसे में फाउंडेशन लगाते वक्त उसकी मात्रा का ध्यान रखें।



### लिपस्टिक का शेड

लिपस्टिक का हर शेड हर किसी के ऊपर अच्छे नहीं लगता। दरअसल, कई शेड ऐसे होते हैं, जिनको लगाने से चेहरा मैच्योर लगता है। अगर आप येलो, रेड और पर्पल शेड की लिपस्टिक लगा रही हैं, जिसमें ब्लू यो पार्पल टिंट नहीं है तो ये शेड्स आपको अपनी उम्र से ज्यादा दिखाने का काम करेगा।

### आई मेकअप का रखें ध्यान

लिपस्टिक के अलावा आपका गलत आईमेकअप भी आपको उम्र से ज्यादा दिखता है। अगर आप आंखों के आसपास गहरे और स्ट्रॉन्ग रंगों वाले आई शैडो का इस्तेमाल कर रही हैं तो इससे आपकी उम्र ज्यादा दिखेगी।

### त्वचा को रखें ड्राई

अगर आपकी त्वचा ड्राई है तो मेकअप करने से पहले चेहरे को अच्छे से नरिश करें। अगर आप ड्राई स्किन पर मेकअप करती हैं तो स्किन मेकअप को तेजी से सोख लेगी और आपकी स्किन पर रिंकल्स बनने लगेंगे।

